दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 56 | जयपुर | रविवार , 29 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय, पूर्ववर्ती सरकार द्वारा नवगठित जिलों एवं संभागों का पुनर्निर्धारण

# भजनलाल सरकार ने 9 नए जिले किए रद्द....

- राजस्थान में अब होंगे कुल 7 संभाग और 41 जिले
- समान पात्रता परीक्षा स्कोर की वैधता रहेगी अब 3 वर्ष तक



## तीनों संभाग भी निरस्त, पशुधन सहायक के पदनामों में परिवर्तन के साथ पदोन्नति का मार्ग हुआ प्रशस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में कर्मचारी कल्याण के साथ-साथ युवाओं के हित, प्रदेश में सुशासन और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण फैसले किए गए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कैबिनेट ने पिछली सरकार के समय में गठित जिलों और संभागों का पुन: निर्धारण किया है, जिसके बाद अब प्रदेश में कुल 7 संभाग और 41 जिले होंगे। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले एवं 3 नवीन संभाग बनाने का निर्णय लिया था, जिसके क्रम में राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 5 अगस्त 2023 को अधिसूचना जारी कर जिलों व संभागों का सृजन किया गया था। तीन नए जिलों की घोषणा विधानसभा चुनाव-2023 की आचार संहिता से एक दिन पहले की गई, जिनकी अधिसूचना भी जारी नहीं हो सकी थी।

### पुनर्निर्धारण बाद भी 8 नए जिले रहेंगे यथावत

उन्होंने कहा कि गत सरकार के इस अविवेकपूर्ण निर्णय की समीक्षा करने हेतु राज्य सरकार द्वारा एक मंत्रिमण्डलीय उप-समिति और इसके सहयोग के लिए सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. ललित के. पंवार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। विशेषज्ञ समिति द्वारा नवगठित जिलों एवं संभागों के पुनर्निर्धारण के संबंध में तैयार की गई रिपोर्ट एवं सिफारिशें मंत्रिमण्डलीय उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों पर विचार करते हुए नए सृजित जिलों में से 9 जिलों अनूपगढ़, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीम का थाना, सांचौर व शाहपुरा तथा नवसृजित 3 संभागों बांसवाड़ा, पाली, सीकर को नहीं रखने का निर्णय मंत्रिमण्डल द्वारा लिया गया है। आचार संहिता से ठीक पहले घोषित 3 नए जिलों मालपुरा, सुजानगढ़ और कुचामन सिटी को भी निरस्त करने का निर्णय राज्य मंत्रिमण्डल ने लिया है।

### पूर्ववर्ती सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए किया नए जिलों और संभागों का गठन

पटेल ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने नवीन जिलों एवं संभागों का गठन पूरी तरह से राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया। इसमें वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता, प्रशासनिक आवश्यकता, कानून व्यवस्था, सांस्कृतिक सामंजस्य आदि किसी भी महत्वपूर्ण बिन्दु को ध्यान में नहीं रखा गया। नए जिलों के लिए पिछली सरकार ने कार्यालयों में न तो आवश्यक पद सृजित किए और न ही कार्यालय भवन बनवाए। बजट एवं अन्य सुविधायें भी उपलब्ध नहीं कराई गई।

### जिला परिषदों, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों का होगा पुनर्गठन

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि मंत्रिमण्डल के इस निर्णय के बाद अब राजस्थान में कुल 7 संभाग एवं 41 जिले हो जाएंगे। यथावत रखे गए 8 नए जिलों फलौदी, बालोतरा, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन और सलूम्बर में प्रशासनिक ढांचा तैयार करने के लिए राज्य सरकार सभी जरूरी वित्तीय संसाधन एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराएगी। इससे इन नए जिलों में रहने वाले आमजन को इन जिलों के गठन का लाभ वास्तविक रूप में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि अब जिला परिषदों, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों का भी पुनर्गठन किया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के नियम 14 की अनुसूची-1 में संशोधन, राजस्थान अधीनस्थ एवं लिपिक वर्गीय सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में सीईटी स्कोर की वैधता 3 वर्ष करने, पशुधन सहायक को पदोन्नति का तीसरा अवसर उपलब्ध करवाने एवं इस संवर्ग के पदनामों में परिवर्तन के लिए सेवा नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई है।

### अभ्यर्थियों को बड़ी राहत सीईटी स्कोर की वैधता 3 वर्ष तक

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि राजस्थान अधीनस्थ एवं लिपिक वर्गीय सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में सीईटी स्कोर की वैधता अब 1 वर्ष के बजाय 3 वर्ष के लिए रहेगी। इसके लिए नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि सीईटी स्कोर की वैधता एक वर्ष होने के कारण हर साल होने वाली अगली सीईटी परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ती चली जा रही थी। अत्यधिक संख्या में आवेदन आने पर बोर्ड को वित्तीय भार और कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसलिए सीईटी स्कोर की वैधता अवधि 3 वर्ष करने का निर्णय लिया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को भी बड़ी राहत मिलेगी। गोदारा ने बताया कि राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 2001 के अंतर्गत आने वाले छात्रावास अधीक्षक (पुरुष) ग्रेड-2 एवं छात्रावास अधीक्षक (महिला) ग्रेड-2 को समान पात्रता परीक्षा की अनुसूची-1 (स्नातक स्तर) में शामिल किया जा रहा है।

### पशुधन सहायक के पदनामों में परिवर्तन, तीसरी पदोन्नति का अवसर भी मिलेगा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा नियम, 1977 के तकनीकी संवर्ग में पशुधन सहायक को पदोन्नति का तीसरा अवसर उपलब्ध करवाने और इस संवर्ग के पदनामों में परिवर्तन के लिए सेवा नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इस संशोधन के अनुसार तीसरी पदोन्नति का अवसर देने के लिए मुख्य पशुधन प्रसार अधिकारी का नवीन पद सृजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशुधन सहायक का पदनाम अब पशुधन निरीक्षक, पशुचिकित्सा सहायक का पदनाम पशुधन प्रसार अधिकारी, सहायक सूचना अधिकारी का पदनाम वरिष्ठ पशुधन प्रसार अधिकारी किया जाएगा। इससे इस संवर्ग के कर्मचारियों के आत्मसम्मान एवं कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

## धौलपुर में तेज आंधी-बारिश, दीवार गिरने से एक की मौत

### कई जगह पेड़ और कच्चे मकान धराशायी, कोहरे के कारण खड़ी पिकअप से टकराई बस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के तमाम जिलों में तेज बारिश, ओले गिरने के साथ ही कुछ स्थानों पर आंधी चली। धौलपुर में 27 दिसंबर की रात करीब 9 बजे तूफान के साथ तेज बारिश हुई। जगह-जगह पेड़ और कच्चे मकान धराशायी हो गए। कई जगह रास्ता ब्लॉक हो गया। धौलपुर के दिहौली थाना क्षेत्र के पक्का पुरा गांव में शुक्रवार देर रात आई आंधी से मकान की दीवार गिर गई। हादसे में केदार पुत्र बिहारी की मौत हो गई है। इसके अलावा अलग-अलग इस तरह की घटनाओं में 17 लोग घायल हुए हैं।

### बस में सवार युवक घायल

कोहरे के कारण बोलोतरा के कल्याणपुर इलाके में जोधपुर-बालोतरा हाईवे पर खड़ी पिकअप जीप को पीछे से बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बस सवार एक युवक घायल हो गया। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज (28 दिसंबर) भी कोटा, भरतपुर संभाग के 7 जिलों में हल्की बारिश और 26 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। 30 और 31



दिसंबर से आसमान साफ होगा और सर्द हवा चलेगी। इससे न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज होगी।

### विजिबिलिटी 30 से 50 मीटर की रही

दौसा-अलवर के अलग-अलग इलाकों में आधी रात के बाद हुई तेज बरसात के साथ ओले भी गिरे हैं। जयपुर, पाली, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, सीकर सहित राजस्थान के तमाम जिलों में शनिवार सुबह घना कोहरा रहा। विजिबिलिटी 30 से 50 मीटर की रही। हाईवे पर हेडलाइट जलाकर गाड़ियां चलानी पड़ीं।

### देर रात तक रुक-रुक कर बारिश होती रही :

कोटा में देर रात तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। शनिवार सुबह देर तक शहर और ग्रामीण इलाकों में कोहरा छाया रहा। कोटा-झालावाड़ हाईवे पदमपुरा गांव के खेतों और हाईवे पर कोहरा छाया हुआ है। कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार कम हो गई है।

## जयपुर में एक साल में 52 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली

### पहली बार इतने ज्यादा रिकॉर्ड तैयार किए, दो महीने में 42 की डीटेल निकाली

**जयपुर।** जयपुर वेस्ट पुलिस ने 12 महीने में 52 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट (एचएस) खोल कर क्राइम कंट्रोल किया है। पुलिस ने नवम्बर और दिसम्बर माह में 42 बदमाशों की एचएस खोली। इन लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पब्लिक में इनकी मौजूदगी से लोगों में डर रहता था। क्राइम को कंट्रोल करने के लिए डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बदमाशों के रिकॉर्ड पर काम किया। इसके बाद आदतन बदमाशों की लिस्ट तैयार कर उनकी गिरफ्तारी और कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद डीसीपी ने सुपरवीजन करते हुए इस साल में 52 बदमाशों की एचएस खोल दी। यह पहला जिला है।

## एलजी ने दिए जांच के आदेश तो भड़के केजरीवाल, कहा- बीजेपी घबरा गई, फ्री की योजनाओं को बंद कर देगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) सचिवालय द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) की कल्याणकारी योजनाओं की जांच के आदेश के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा और कांग्रेस पर हमला किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपये और 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज करेंगे। ये दोनों योजनाएं जनता के लिए इतनी फायदेमंद थीं कि इनके लिए लाखों लोगों ने पहले ही रजिस्ट्रेशन करा लिया था। केजरीवाल ने



साफ तौर पर कहा कि इससे बीजेपी घबरा गई, कई बीजेपी नेताओं ने मुझसे कहा कि जीतने की बात तो छोड़िए, कई जगहों पर बीजेपी की जमानत जब्त हो जाएगी। पहले अपने गुंडे भेजे, फिर पुलिस भेजकर रजिस्ट्रेशन कैंप उखाड़ दिया, आज फर्जी जांच का आदेश दिया है कि जांच होगी।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# धोखाधड़ी कर डरा-धमकाकर रूपये छीनने वाले दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## छिने गए हजारों रुपये और आठ र्स्माट फोन सहित एक चोरी की बाइक जब्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धोखाधडी कर डरा-धमकाकर रूपये छीनने वाले दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से छिने गए हजारों रुपये और आठ र्स्माट फोन सहित एक चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार दोनों ही आरोपित नशा करने के आदि है जो नशा पूर्ति के लिए मोबाइल छीनने और वाहन चोरी की वारदात करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धोखाधडी कर डरा-धमकाकर रूपये छीनने वाले मुरलीपुरा थाना का हिस्ट्रीशीटर शुभम सैनी निवासी पवनपुरी मुरलीपुरा जयपुर और हरमाड़ा थाना हिस्ट्रीशीटर दिनेश वर्मा निवासी विजय नगर हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ जयपुर शहर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से छिने गए हजारों रुपये और आठ र्स्माट फोन सहित चौमू थाना इलाके से चुराई गई एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# अवैध मादक पदार्थ का नशा करने और बेचने वाले 19 लोग गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ का नशा करने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ का नशा करने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी जयनपाल,कुन्दन शर्मा,नरेश कुमार,शुभम,समीर खान,जीतू बंजारा, रोहित खान,अजय,राकेश पिंदारा,दीपू वर्मा,प्रवीन,अनिल खिंची,इरफान,सोमा मालावत, काजल सांसी, निशा सांसी, बीना सांसी,वर्षा सांसी और संजय सैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# पेपर बिगड़ा तो परिजनों की डांट से बचने के लिए दो सहेलियां घर से भागी

## परिजनों को फोन कर दी मामले की जानकारी, तब पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे परिजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** करधनी थाना इलाके में पेपर खराब होने पर दो नाबालिग सहेलियां के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। दोनों सहेलियां का हाफ इयरली एग्जाम का पेपर अच्छा नहीं हुआ था। परिजनों की डांट के डर से बचने के लिए घर छोड़कर चली गईं। पुलिस ने दोनों नाबालिग सहेलियों को देर रात सुरक्षित ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी हरीश चंद सोलंकी ने बताया कि बैनाड़ रोड करधनी निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग बेटी प्राइवेट स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ती है। जो शुक्रवार को स्कूल में हाफ इयरली एग्जाम का पेपर देने गई थी। दोपहर करीब 1 बजे घर से नाबालिग बेटी और उसकी सहेली बिना बताए चले गए। कुछ देर बाद दोनों सहेलियां नहीं दिखाई दी तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। आस-पास ढूंढने के साथ ही सहेली के घर पर जानकारी करने पर वहां भी नहीं पहुंचने का पता चला। परिजनों ने अपने स्तर पर परिचित-रिश्तेदारों के साथ ही इधर-उधर दोनों नाबालिग सहेलियों की तलाश की। थाने पहुंचकर परिजनों ने नाबालिग सहेलियों के रहस्यमयी तरीके से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर दोनों नाबालिग सहेलियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज के साथ हुलिए के आधार पर दोनों सहेलियों की तलाश में जुट गई। नाबालिग सहेलियों ने किसी से मोबाइल लेकर परिजनों को कॉल किया। कॉल कर एग्जाम पेपर अच्छा नहीं होने के बारे में बताया। डांट से बचने के लिए घर से चुपचाप निकलकर रेलवे स्टेशन पर होना बताया। पुलिस के साथ परिजन रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। दोनों नाबालिग सहेलियों के सुरक्षित मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस ने दोनों सहेलियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# शादी के दो माह बाद ही विवाहिता ने छोड़ा घर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** गलतागेट थाना इलाके में शादी के दो माह बाद ही एक विवाहिता के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। विवाहिता की सास ने गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस लापता विवाहिता को तलाश कर रही है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल रूप सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला ने 21 वर्षीय विवाहिता की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। वह गलता गेट इलाके में परिवार सहित रहती है। अक्टूबर-2024 में उनके बेटे की शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल आई बहू भी साथ ही रहने लगी। गुरुवार शाम करीब 6 बजे मामूली बात पर सुसरालवालों से विवाहिता की कहासुनी हो गई। गुस्से में विवाहिता घर छोड़कर बाहर चली गई। बहू के नाराज होने की सोचकर ससुरालवाले अपने-अपने काम में लग गए। काफी समय बाद भी वापस घर नहीं लौटने पर विवाहिता को ढूंढने निकले। काफी प्रयास के बाद रिश्तेदार-परिचितों के यहां भी ढूंढने पर विवाहिता का पता नहीं चला। शुक्रवार शाम परिजनों ने गलता गेट थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 : एनसीआर रॉयल्स ने 7 विकेट से हासिल की शानदार जीत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** 28 दिसंबर 2024, को जयपुर के राइजिंग राजस्थान क्रिकेट एकेडमी, जगतपुरा में विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 के लीग चरण का मुकाबला जयपुर सुपर किंग्स और एनसीआर रॉयल्स के बीच खेला गया। एनसीआर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और यह निर्णय उनके पक्ष में गया। जयपुर सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर सिर्फ 53 रन बनाए। टीम की ओर से सबसे ज्यादा 18 रन शुभम विजय ने बनाए। वहीं, गेंदबाजी में ह्ष्ट्रक्र रॉयल्स के शुभम विजय ने 2 ओवर में सिर्फ 8 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनसीआर रॉयल्स ने 8.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 55 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। एनसीआर रॉयल्स की तरफ से अंकित विजय ने 17 गेंदों पर 17 रनों की उपयोगी पारी खेली। इस जीत के साथ एनसीआर रॉयल्स ने लीग चरण में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। यह मैच दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। दिन का दूसरा मुकाबला जोहरी किंग्स टोंक एवं न्यू जनरेशन चैंपियंस फरीदाबाद के बीच में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जोहरी किंग्स ने 69 रन का टारगेट दिया। जौहरी किंग की ओर से निखिल 21 अंचल 16 एवं अनिकेत ने 15 रनो का योगदान दिया। जवाब में खेलने उतरी फरीदाबाद का शुभम 13 के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका और पूरी टीम जोहरी किंग के जोरदार आक्रमण के सामने 36 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। तूफानी गेंदबाज मीत विजय ने तीन ओवर में देकर चार विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया दिन का तीसरा मुकाबला पूर्व चैंपियन मेवाड़ रॉयल्स एवं दो बार की विजेता राइजिंग स्टार के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए राइजिंग स्टार में मैन ऑफ़ द मैच कार्तिक की शानदार 36 रनों की बदौलत 71 रन का टारगेट दिया मगर वर्षा से प्रभावित धीमी पिच पर 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। शनिवार खेले गए अंतिम मुकाबले में चोमू वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन का टारगेट दिया। चोमू की ओर से पवन 18 एवं अमन 18 एवं अतुल 14 उपयोगी पारियों खेली। जवाब में फरीदाबाद के कारण ने शानदार हाफ सेंचुरी लगाकर टीम को मैच जिताया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कारण विजय रहे। सोशल पर समाज के प्रमुख गणमान्य एवं आयोजन समिति के सदस्यडॉ. दिनेश दुब्बी ,गिरधर कलमंडा, , हर्ष विजय, मनोज ताल चिड़ी, पियूष दुब्बी, संदीप दुब्बी, देवेंद्र बांदीकुई, राकेश तालाब, सुशांत दुब्बी, आशीष, अंकित राजपुरा राजेंद्र अलवर, निलेश भीलवाड़ा, आदि मौजूद रहे!

### सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

शुभम विजय (जयपुर सुपर किंग्स) रहे। 18 रन (18 गेंद, 3 चौके) अंकित विजय (एनसीआर रॉयल्स): 17 रन (18 गेंद, 1 चौका) समीर विजय (जयपुर सुपर किंग्स): 18 रन (28 गेंद)

### सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

शुभम विजय (एनसीआर रॉयल्स)- 2 ओवर, 8 रन, 2 विकेट, चेतन गुप्ता (एनसीआर रॉयल्स)- 1 ओवर, 3 रन, 1 विकेट




# परमार्थ भवन पर निःशुल्क विशाल इलेक्टोपैथी चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** दिनांक 28 दिसम्बर 2024 को परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के तत्वावधान में पसूरिया इलेक्ट्रोपैथी क्लिनिक एण्ड रिसर्च सेंटर के सोजन्य से निःशुल्क विशाल इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन गुर्जर की थड़ी, कटेवा नगर स्थित परमार्थ भवन पर किया गया। डॉक्टर देवेश आर शर्मा, डॉ मेहरादीपा नोरोजू एवम् उनकी टीम द्वारा शिविर में चिकित्सकीय सेवाएं एवम् दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गई। शिविर का उद्घाटन श्री पवन शर्मा, पार्षद, वार्ड संख्या 50, नगर निगम हैरिटेज जयपुर द्वारा किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर के अग्रवाल द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं चिकित्सकों परिचय देते हुए सम्मान किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि शिविर में लगभग 250 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। समिति के संरक्षक डॉ एन के खीचा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। समिति के अध्यक्ष श्री श्याम विजय द्वारा समिति की परमार्थिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश शर्मा द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवम् अन्य उपस्थित सदस्यों द्वारा कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी समिति के संयोजक रामावतार माहेश्वरी द्वारा हमारे संवाददाता को प्रदान की गई।



# माली-सैनी महासभा राजस्थान का ज़िला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजधानी जयपुर में रविवार को माली-सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश के तत्वावधान में ज़िला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा है। जिसमें जयपुर शहर और ग्रामीण के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत को माली-सैनी महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों ने आने का निमंत्रण दिया गया है। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माली सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी करेंगे। कार्यक्रम आयोजक एवं महासभा प्रदेश सचिव लाल चंद सैनी ने बताया कि वह कई वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे है। जिसमें ज़िला स्तर पर प्रतिभावान बच्चों को समाज के बीच आकर सम्मानित किया जाता है और उनका उत्साह वरदन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएएस महेश सैनी, आरएएस अशोक सैनी, महासभा के संरक्षक एड. इंदराज सैनी, ज्ञान चंद सैनी, कैलाश राज सैनी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सी.एल. सैनी, श्याम माली, प्रदेश उपाध्यक्ष एड. मनोज अजमेरा, बाबू लाल सैनी, महामंत्री मुख्यालय सागर मावर, प्रदेश यूथ विंग के अध्यक्ष अमित सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष किरोड़ी लाल सैनी, महिला विंग अध्यक्ष मंजु सैनी सहित अनेकों सामाजिक सरोकारों से जुड़े गणमान्य उपस्थित रहेंगे।



# रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने 44 दिन में खुलवाए 274 रास्ते

## बरसों पुराने रास्ते खुलवाए जाने पर ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान ग्रामीणों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से महज 44 दिनों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े 274 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के समस्त तहसीलों में बरसों से बंद 25 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 21 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 11 रास्ते, आंधी तहसील में 21 रास्ते, बस्सी तहसील में 13 रास्ते, तूंगा तहसील में 9 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, शाहपुरा तहसील में 19 रास्ते, जोबनेर तहसील में 22 रास्ते, किशनगढ़—रेनवाल तहसील में 18 रास्ते, फुलेरा तहसील में 18 रास्ते, रामपुरा—डाबड़ी तहसील में 12 रास्ते, जालसू तहसील में 12 रास्ते, चौमूं तहसील में 24 रास्ते, सांगानेर तहसील में 14 रास्ते खुलवाए गए। सुमन पंवार ने बताया कि चाकसू तहसील में 15 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 13 रास्ते एवं माधोराजपुरा तहसील में 20 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की



भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं।

ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

## भांकरोटा एलपीजी अग्निकांड मामला

# हादसे में झुलसे एक और व्यक्ति की मौत, अब तक बीस लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** अजमेर रोड पर भांकरोटा थाना इलाके में एलपीजी ब्लास्ट में झुलसे एक और व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। पिछले आठ दिन में इस भीषण हादसे में बीस लोगों की मौत हो चुकी हैं। इसमें एक रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह भी शामिल हैं। हादसे में झुलसे आठ और लोग अब भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवाई मानसिंह अस्पताल के बर्न यूनिट में एडमिट पीड़ित 50 फीसदी के करीब झुलसे हुए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 6.15 बजे अजमेर निवासी सलीम की इलाज के दौरान मौत हुई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। 20 दिसंबर को जयपुर-अजमेर हाईवे पर घटना में 27 लोग 80 फीसदी तक झुलस गए थे। इनमें सबसे अधिक संख्या 50 से 55 फीसदी तक झुलसे लोगों की थी। जानकारी के अनुसार सलीम भी करीब 55 फीसदी झुलस गया था। सलीम का भाई उसे हॉस्पिटल लाने के दौरान से उसके साथ था। उसे उम्मीद थी कि आठ दिन बाद जरूर उसका भाई बच जाएगा, लेकिन शनिवार सुबह डॉक्टर्स ने उसे मौत की जानकारी दी। एसएमएस के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. राकेश जैन ने बताया कि टीम घटना के बाद से ही घायल मरीजों के इलाज में लगी है। हर सम्भव कोशिश की जा रही है कि मरीजों की रिकवरी का रेट बढ़े। डॉक्टर्स की टीम अच्छे से अच्छा उपचार देने का प्रयास कर रही है।

### हाईवे पर ही जिंदा जल गए थे 4 लोग

इस हादसे में 4 लोग तो मौके पर ही जिंदा जल गए थे। 6 लोगों ने उसी दिन सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। 1 मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि 5 शवों की पहचान डीएनए सैंपल से की गई। इनमें पूर्व आईएएस करणी सिंह भी शामिल थे। बेटी से लिए सैंपल से उनकी बॉडी की पहचान हुई। इस घटना में घायल 15 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया है। वहीं, डॉक्टर्स का कहना है कि डीप बर्न के कारण बहुत से लोगों के हेल्दी टिश्यू जल गए हैं। कई पीड़ितों के लीवर-किडनी पर भी असर हुआ। इसका प्रभाव लंबे समय तक रह सकता है।

## रिलायंस फाउंडेशन ने 5 हजार अंडरग्रेजुएट स्कॉलरशिप की लिस्ट जारी की

# राजस्थान के 216 विद्यार्थियों को मिली स्कॉलरशिप




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन ने अंडरग्रेजुएट स्कॉलरशिप के लिए पूरे भारत से 5 हजार अंडरग्रेजुएट छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों की लिस्ट धीरूभाई अंबानी की 92वीं जयंती पर जारी की गई। 2024-25 की अंडरग्रेजुएट स्कॉलरशिप के तहत प्रत्येक छात्र को 2 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा। छात्रवृत्ति के लिए 1 लाख से अधिक अंडरग्रेजुएट छात्रों ने आवेदन दिया था। जिन छात्रों को चुना गया है उनमें से करीब 70 फीसदी की पारिवारिक आय 2.50 लाख रुपए से कम है। 29 राज्यों के 540 जिलों में से स्कॉलरशिप पाने वाले छात्रों को चुना गया है। यह 5 हजार छात्र करीब 1300 शिक्षण संस्थानों से जुड़े हैं। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र के छात्रों को सबसे अधिक स्कॉलरशिप मिली। राजस्थान के भी 216 विद्यार्थी स्कॉलरशिप पाने में सफल रहे हैं। रिलायंस फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा, चयनित विद्यार्थी देश के सबसे मेधावी छात्रों में से एक हैं। शिक्षा भविष्य की कुंजी है, और हमें इन छात्रों की शैक्षणिक यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। स्कॉलरशिप लिस्ट और जानकारी के लिए छात्र रिलायंस फाउंडेशन डॉट ओआरजी पर 17-अंकीय आवेदन संख्या या ईमेल आईडी के जरिए विवरण देख सकते है।

### धीरूभाई अंबानी की 92वीं जयंती पर जारी की गई लिस्ट

# विधायक बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की करें नियमित मॉनिटरिंग : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने ली कोटा संभाग के विधायकों की बैठक, प्रदेश का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार का एकमात्र ध्येय

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश का सर्वांगीण विकास और प्रदेशवासियों का कल्याण ही राज्य सरकार का एकमात्र ध्येय है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस ध्येय की पूर्ति में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विधायक की अहम भूमिका है इसलिए एक जनप्रतिनिधि के रूप में विधायकों को समर्पण भाव के साथ जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहना चाहिए। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर कोटा संभाग के विधायकों के साथ पिछले बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन और आगामी बजट की तैयारियों से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक विधायक को उसके विधानसभा क्षेत्र की जनता बहुत आकांक्षाओं और उम्मीदों के साथ चुनकर भेजती है, ऐसे में जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह जनता के भरोसे पर खरा उतरे। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रत्येक विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले बजट में राज्य के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को ढेरों सौगातें दी हैं और यह आवश्यक है कि आगामी बजट से पूर्व पिछले बजट में की गई घोषणाओं का धरातल पर उतरना सुनिश्चित हो। श्री शर्मा ने कहा कि विधायकगण अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विधायकों के साथ समन्वय बनाकर आधारभूत विकास के कार्यों में वित्तीय स्वीकृति से लेकर जमीन आवंटन, डीपीआर तैयार होने और निर्माण कार्य प्रारंभ होने तक प्रत्येक चरण पर समयबद्ध रूप से कार्यों की क्रियान्विति सुनिश्चित करे।

### आगामी बजट के लिए जनहित से जुड़े कार्यों की सूची बनाकर भेजें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दूरगामी सोच के साथ पिछला बजट प्रस्तुत किया था, जिसकी हर तरफ सराहना हुई। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को भी राज्य की जनता के लिए सार्थक और समावेशी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने विधायकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर सूची बनाकर भेजें, ताकि उन कार्यों को आगामी बजट में शामिल किया जा सके। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर, विधायक श्री प्रताप सिंह सिंघवी, श्री संदीप शर्मा, श्री कालूराम, श्री कंवरलाल, श्री राधेश्याम बैरवा, श्री ललित मीणा, श्रीमती कल्पना देवी, श्री गोविंद प्रसाद, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) श्री शिखर अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# पश्चिम मध्य रेलवे में फ्रेट कस्टमर मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में जबलपुर मंडल के प्रमुख फ्रेट लोडिंग करने वाले सम्माननीय ग्राहकों के साथ फ्रेट कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान समय में फ्रेट इंडस्ट्री में होने वाले बदलावों में रेल की भूमिका और इससे रेल द्वारा किस प्रकार से अधिकतम लदान प्राप्त किया जा सकता है, से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक जी. एम. सिंह की अध्यक्षता एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुयी। मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबंधक अनुराग पटेरिया द्वारा मीटिंग का संचालन किया गया। मीटिंग में जबलपुर मंडल के विभिन्न मालगोदामों एवं साइडिगों से लदान करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये जिसमें मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट से के.पी. सिहं, कोयला लदान हेतु नवनिर्मित जीसीटी मेसर्स पॉसून इंडस्टी से मनोज बाजपेयी एवं मेसर्स अडानी पॉवर से राहुल पांडे तथा मेसर्स जेपीवीएन से पीयूष शर्मा, आयरन ओर के प्रमुख लदानकर्ता वरुण गौतम एवं रूपेंद्र, फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के ओ पी संग्राम, जुपिटर वैगन लिमिटेड से श्री अभिषेक जायसवाल एवं अन्य की उपस्थिति रही। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक जी एम सिंह द्वारा उपस्थित सभी सम्मनीय ग्राहकों का स्वागत करते हुये चर्चा आंरभ की और उन्होनें वर्तमान में रेलवे के मालभाडा में पिछले वर्ष की तुलना में कमी होने के कारण वित्त वर्ष के शेष महीनों में इस कमी को पूरा करने का अनुरोध किया।

कोयला लदान करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वह कोयला लदान की क्षमता में वृद्धि कर रहे हैं, जिससे पश्चिम मध्य रेल को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। वर्तमान में पश्चिम मध्य रेल से लदान होने वाली वस्तुओं में कोयले की प्रमुख भूमिका है।

# याद तेरी आएगी...स्वरांजली कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** चित्रांश आर्ट्स एंड कल्चर एकेडमी फाउंडेशन की तरफ से रविवार 29 दिसम्बर को शाम 5.30 बजे से राजधानी जयपुर के बजाज नगर स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में याद तेरी आएगी...स्वरांजली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कायस्थ शिरोमणि स्वर्गीय गोविंद स्वरूप माथुर की याद में होने वाले इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के गायक कलाकार विभिन्न फिल्मी गानों की प्रस्तुति देंगे। चित्रांश आर्ट्स एंड कल्चर एकेडमी फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज के सामूहिक विवाह के आयोजक रहे स्वर्गीय गोविंद स्वरूप माथुर को 35 गायक कलाकार अपने गीतों के जरिए स्वरांजली देंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयकर विभाग में ज्वाइंट कमिश्नर सितेश वर्मा होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि पीडब्ल्यूडी से रिटायर्ड सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर संजय माथुर होंगे। कार्यक्रम में जेडीए में निरंजन माथुर, विनय दलेला डायरेक्टर टाउन प्लैनिंग जेडीए, अजीत सक्सेना रिटायर्ड एमडी जेवीवीएनएल, रतन सक्सेना सोशल एक्टिविस्ट, अमित कुलश्रेष्ठ एलबीएस स्कूल, आशीष कुलश्रेष्ठ डायरेक्टर एलबीएस स्कूल, सुशील माथुर सोशल एक्टिविस्ट, संजय भटनागर रिटायर्ड आयकर ऑफिसर, वीएन माथुर रिटायर्ड निदेशक फॉरेंसिक डिपार्टमेंट, संजय भटनागर, रोहित माथुर, योगेश भटनागर, विवेक निगम, दिनेश माथुर, नंद बिहारी माथुर, अनिल माथुर, राकेश कुलश्रेष्ठ, गोपीमोहन माथुर, जगदीश माथुर, दीपेंद्र माथुर, राधामोहन माथुर, छैल बिहारी माथुर, पूनम सोनी, शरद सोनी, सागर सक्सैना, धीरज झामरिया, राजेश रानी माथुर, मीना श्रीवास्तव, मनीष माथुर, उषा राय माथुर, शरण माथुर, वीरेंद्र नाथ अतरौलिया, डॉ अर्चना सिंह, डॉ अन्टू सक्सेना, अम्बरीष सक्सेना, जगदीशदास माथुर शिरकत करेंगे।


# खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर जिला प्रशासन सतर्क एवं संवेदनशील

## जिला कलक्टर के निर्देश पर एक दिन ही में 328 खुले बोरवेल को करवाया गया बदं

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर,( का.स. )।** खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर जिला प्रशासन सतर्क एवं संवेदनशील है। और रामधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ऐसे हादसों को रोकने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर शनिवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने मुहिम के तहत जिले में कुल 328 खुले बोरवेल को कर करवाया।

जयपुर तहसील में 4 बोरवेल, आमेर तहसील में 15 बोरवेल, कालवाड़ तहसील में 2 बोरवेल, तूंगा तहसील में 50 बोरवेल, जमवारामगढ़ तहसील में 6 बोरवेल, माधोराजपुरा तहसील में 7 बोरवेल, बस्सी तहसील में 17 बोरवेल, चाकसू तहसील में 32 बोरवेल, आंधी तहसील में 15 बोरवेल, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 2, कोटखावदा तहसील में 5, सांभर तहसील में 31 बोरवेल, जोबनेर तहसील में 10 बोरवेल, रामपुरा डाबड़ी तहसील में 7 और सांगानेर तहसील में 12 बोरवेल, शाहपुरा तहसील में 20 बोरवेल, चौमूं तहसील में 20 बोरवेल ,जालसू तहसील में 10 बोरवेल, दूदू तहसील में 27 बोरवेल, फागी तहसील में 14 बोरवेल और मोजमाबाद तहसील में 22 खुले बोरवेल बंद करवाए गए।

गौरतलब है कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले में बोरवेल खुदाई से 15 दिन पहले प्रशासन को सूचना देने के आदेश जारी किए थे। वहीं, जिला कलक्टर के निर्देश पर खुले बोरवेल को बदं करने के निर्देश पर जिले के उपखंड अधिकारियों पर तहसीलदार सेवा के अधिकारियों ने चिन्हित 328 खुले बोरवेल को लोहे के ढक्कन सहित अन्य उपायों से बंद करवाया।

# मार्बल एसोसिएशन का वार्षिक कैलेंडर विमोचन एवं प्रोजेक्टर का हुआ लोकार्पण





बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( नि.स. )।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के नववर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन एवं घनश्याम सिंह कृष्णावत सभागार में स्थायी प्रोजेक्टर का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उदयपुर मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि नववर्ष कैलेंडर विमोचन एवं प्रोजेक्टर का लोकार्पण उपस्थित सांसद मन्नालाल रावत एवं शहर विधायक ताराचंद जैन के आतिथ्य में किया गया। इसके साथ ही उदयपुर मार्बल मंडी से सम्बंधित काफी समस्यायों पर विस्तार से चर्चा की, जिस पर उन्होंने सकारात्मक समाधान हेतु आश्वस्त किया। सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से इस कार्यक्रम में सांसद मन्नालाल रावत एवं शहर विधायक ताराचंद जैन तथा नव मनोनीत उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के संरक्षक महिपाल सिंह रूपपुरा एवं विरमदेव सिंह कृष्णावत का उपरना पहना कर स्वागत किया गया। और सभी अथितियो ने नववर्ष की शुभकामाएं देते हुए मार्बल एसोसिएशन के साथ पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मौर, सह सचिव नरेन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन कार्यकारिणी सदस्य मान सिंह राव, सुरेन्द्र सिंह राठौड़ एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार द्वारा नए जिलों को निरस्त करने का निर्णय अविवेकपूर्ण और राजनैतिक प्रतिशोध का प्रमाण : अजय शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान के विकास को गति देनेवाली कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए नए जिलों में से 9 जिलों को निरस्त करने का भाजपा सरकार का निर्णय न केवल अविवेकपूर्ण है बल्कि केवल राजनीतिक प्रतिशोध का जीता जागता प्रमाण है। देहात कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अजय शर्मा ने राजस्थान की भाजपा सरकार के निर्णय की कड़ी निंदा करते हुए यह बात कही।

ज़िला प्रवक्ता अजय शर्मा ने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान जिलों का पुनर्गठन करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रामलुभाया की अध्यक्षता में 21 मार्च 2022 को समिति बनाई गई थी जिसको दर्जनों जिलों के प्रतिवेदन प्राप्त हुए। इन्हीं प्रतिवेदनों का परीक्षण कर समिति ने अपनी रिपोर्ट दी जिसके आधार पर नए जिले बनाने का निर्णय किया गया। ज़िला प्रवक्ता शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य बन गया परन्तु प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन उस अनुपात में नहीं हुआ था। राजस्थान से छोटा होने के बाद भी मध्य प्रदेश में 53 जिले हैं। नए जिलों के गठन से पूर्व राजस्थान में हर जिले की औसत आबाादी 35.42 लाख व क्षेत्रफल 12,147 वर्ग किलोमीटर था (हालांकि त्रिपुरा राज्य का क्षेत्रफल 10,492 वर्ग किलोमीटर, गोवा राज्य का क्षेत्रफल 3,702 वर्ग किलोमीटर, दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश का क्षेत्रफल 1,484 वर्ग किलोमीटर है) जबकि नए जिले बनने के बाद जिलों की औसत आबादी 15.35 लाख व क्षेत्रफल 5268 वर्ग किलोमीटर हो गया था। उन्होंने कहा कि जिले की आबादी व क्षेत्र कम होने से शासन-प्रशासन की पहुंच बेहतर होती है एवं सुविधाओं व योजनाओं की बेहतर डिलीवरी सुनिश्चित हो पाती है। छोटी प्रशासनिक इकाई होने पर जनता की प्रतिवेदनाओं का निस्तारण भी शीघ्रता से होता है।

भाजपा सरकार द्वारा जिन जिलों को छोटा होने का तर्क देकर रद्द किया है वो भी अनुचित है। जिले का आकार वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर होता है। कम आबादी वाले जिलों में सरकार की प्लानिंग की सफलता भी ज्यादा होती है। छोटे जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति को बहाल रखना भी आसान होता है क्योंकि वहां पुलिस की पहुंच अधिक होती है। परिस्थितियों के आधार पर जिलों की आबादी में भी अंतर होना स्वभाविक है जैसे उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले की आबादी करीब 60 लाख है जबकि चित्रकूट जिले की आबादी 10 लाख है। परन्तु सरकार के लिए प्रशासनिक दृष्टि से छोटे जिले ही बेहतर लगते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के दोगलेपन को उजागर करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से एक तर्क यह दिया जा रहा है कि एक जिले में कम से कम 3 विधानसभा क्षेत्र होने चाहिए जबकि भाजपा द्वारा 2007 में बनाए गए प्रतापगढ़ मे परिसीमन के बावजूद भी केवल दो विधानसभा क्षेत्र हैं। हम भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए इस अदूरदर्शी एवं राजनीतिक प्रतिशोध के कारण लिए गए निर्णय की निंदा करते हैं।

# नशे के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**छोटीसादड़ी( नि.स. )।** नशे के खिलाफ आबकारी विभाग की शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी निरोधक दल के निरीक्षक बुधाराम ने बताया कि आबकारी विभाग व थाना धोलापानी की संयुक्त कार्रवाई कर आबकारी विभाग को लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री व अवैध महुए की शराब बनाने की शिकायत मिल रही थी जिस पर कार्रवाई करते हुए धोलापानी के पास अम्बापानी के यहां कार्रवाई को अंजाम दिया गया। विभाग द्वारा 2000 लीटर वॉश व 6 लीटर अवैध महुए की शराब को जब्त कर शराब बनाने की चार भट्टी को भी नष्ट किया गया। कार्रवाई से पूर्व आरोपी भागने में सफल रहे।

# नेशन राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता मे रूद्राक्षी मंगरोरा का चयन

बढ़ता राजस्थान



**छोटीसादड़ी( नि.स. )।** 67वी राष्ट्रीय नेशनल रायफल पिस्टल शूंटिंग प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित हुई जिसमे ट्रिगर टाइम शूटिंग में छोटीसादडी कस्बे प्रतापगढ़ जिले की रूद्राक्षी मंगरोरा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नेशनल शूटिंग में अव्वल स्थान प्रदान किया। रूद्राक्षी ने अपना प्रशिक्षण कोच सचिन पंवार के मार्गदर्शन में किया। रूद्राक्षी मंगरोरा के पिता राजेश मंगरोरा अधिवक्ता तथा माता पायल मंगरोरा गृहणी है।

## गौशालाओं और डेयरियों में संधारित गौवंशों के शीतकालीन स्वास्थ्य एवं सामान्य प्रबंधन हेतु गोपालन विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

# विभिन्न माध्यमों से गौशाला संचालकों और गोपालकों को दिशानिर्देशों के प्रति नियमित रूप से जागरूक करते रहें : शासन सचिव डॉ समित शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** प्रदेश की गौशालाओं और डेयरियों में संधारित गौवंश के शीतकालीन स्वास्थ्य एवं सामान्य प्रबंधन के लिए गोपालन विभाग ने एडवायजरी जारी की है। पशुपालन, गोपालन और डेयरी सचिव डॉ समित शर्मा ने दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा है कि राजस्थान के शुष्क मरूस्थलीय, मैदानी तथा पठारी क्षेत्रों में अत्यधिक ठंडे तापमान, कम आर्द्रता और सीमित वनस्पति के कारण कठोर सर्दी पड़ती है। इस अवधि के दौरान गौवंश के उचित वैज्ञानिक प्रबंधन से उनके स्वास्थ्य, उत्पादकता और अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इसलिए तीक्ष्ण सर्दी, पाला एवं शीत लहर की स्थिति को देखते हुए गोपालन विभाग गौवंश के लिए शीत ऋतु में प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश जारी करता है।

उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी है कि वे सर्दी के मौसम में अपने पशुओं का विशेष ध्यान रखें। उन्हें ठंड से बचाने के लिए शेड में रखकर उन्हें चारों तरफ से कंबल या जूट के बोरों से ढकें। गौ आश्रयों को गर्म रखने के लिए सूखी घास, पुआल या अन्य तापरोधी सामग्री का इस्तेमाल करें। उन्होंने बूढ़े, कमजोर एवं छोटे बछड़ों का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि शीत ऋतु इनके लिए विशेष रूप से कठिन होती है। इसलिए नवजात बछड़ों को दूध पर्याप्त मात्रा में पिलाया जाना चाहिए और उन्हें गर्म रखने के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए। डॉ शर्मा ने कहा कि गौवंश के शरीर को गरम बनाए रखने में मददगार सांद्र आहार जैसे चापड़, खल, बांटा, गुड़ आदि ऊर्जा युक्त पशु आहार खिलाना चाहिए।

निर्जलीकरण को रोकने के लिए ताजा एवं गुनगुना पानी पिलाना चाहिए और उचित मात्रा में आवश्यकतानुसार पूरक आहार भी खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार गौवंश के लिए अलग बाड़े की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि स्वस्थ गौवंश को संक्रमण से बचाया जा सके। उन्होंने बीमारियों से रोकथाम के लिए गौवंश को उचित उपचार एवं टीकाकरण की भी सलाह दी। डॉ शर्मा ने कहा कि गौवंश के स्वास्थ्य की नियमित रूप से निगरानी के लिए पशु आहार, स्वास्थ्य और उत्पादकता का सटीक संधारण किया जाना चाहिए। शासन सचिव ने विभाग के जिला अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे गोष्ठियों, चौपाल, सोशल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों से गौशाला संचालकों और गोपालकों को नियमित रूप से जागरूक करते रहें।

## सम्पादकीय

# घरेलू प्रवासन में आई कमी

एक अनुमान के मुताबिक तकरीबन 40 करोड़ भारतीय देश में ही प्रवासन करते हैं और एक अध्ययन बताता है कि यह 2011 की पिछली जनगणना में देश में प्रवासन के आंकड़ों से 11.78 फीसदी कम है। इसके परिणामस्वरूप प्रवासन दर जो 2011 में आबादी की 37.64 फीसदी थी, 2023 में कम होकर 28.88 फीसदी रह गई है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी अध्ययन देश में प्रवासन और शहरीकरण के रुझानों को समझने में बहुत मददगार साबित हो सकता है। आधिकारिक आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय अध्ययन उच्च तीव्रता वाले आंकड़ों का इस्तेमाल करता है। मसलन ट्रेनों में अनारक्षित यात्रियों की संख्या, मोबाइल फोन के रोमिंग आंकड़े और जिलावार बैंकिंग आंकड़े। वह इनकी मदद से यह समझने का प्रयास करता है कि प्रवासन किस प्रकार हो रहा है। देश में प्रवासन की बात करें तो यह मुख्य रूप से ग्रामीण गरीबों या देश के कम विकसित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए एक किस्म की पलायन रणनीति होती है ताकि वे अपनी स्थिति बेहतर बना सकें। हालांकि अक्सर यह उनकी आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पाती। ऐसे में घरेलू प्रवासन आमतौर पर असमान विकास रणनीतियों और क्षेत्रीय असमानता का नतीजा होता है। जैसा कि अध्ययन दर्शाता है, प्रवासन में कमी को इस तरह भी देखा जा सकता है कि शायद इन प्रवासियों के मूल निवास वाली जगहों पर आर्थिक हालात और अवसरों में सुधार हुआ हो। यह भी माना जा सकता है कि वे जगहें देश के सामाजिक-आर्थिक विकास से लाभान्वित हुई हों। इसके साथ ही यह बड़ी शहरी बसाहटों में कमजोर होते आर्थिक अवसरों का भी परिणाम हो सकता है जिसके चलते संभावित मजदूर अपने घरों को रुक कर वहीं आजीविका के अवसर तलाश करते हों या फिर वे अपने घर के आसपास के राज्यों में काम करने जाते हों।

राज्यवार अंतर एक दिलचस्प तस्वीर पेश करता है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल मिलकर करीब आधे यानी 48 फीसदी प्रवासी श्रमिक भेजते हैं। इसी के साथ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु मिलकर 48 फीसदी प्रवासी श्रमिकों का ठिकाना बनते हैं। परंतु इन राज्यों में भी संबंधित राज्यों को जाने वाले प्रवासियों का प्रतिशत कम हो गया है। महामारी के दौरान उलट प्रवासन के स्पष्ट प्रमाण देखने को मिले लेकिन प्रतिबंध समाप्त होने के बाद लोग वापस शहरों और औद्योगिक ठिकानों की ओर वापस लौटे। हालांकि यह वापसी अभी भी महामारी के पहले वाले स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी एक पर्चा इस मुद्दे को आगे और स्पष्ट करता है। यह पर्चा भारतीय रेल के उपनगरीय परिवहन के रुझानों का अध्ययन करता है। पिछले दशक में चार महानगरों की उपनगरीय यात्रा कम हुई या बहुत कम बढ़ी। इसके साथ ही महाराष्ट्र में ठाणे, तमिलनाडु में कांचीपुरम, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद और पश्चिम बंगाल में उत्तर चौबीस परगना और दक्षिण चौबीस परगना जैसे वैकल्पिक शहरों का तेजी से विकास हुआ जो प्रवासी श्रमिकों के ठिकाने बने। स्पष्ट है कि ये क्षेत्र मुंबई, चेन्नई, दिल्ली और कोलकाता जाने वाले श्रमिकों को कुछ हद तक रोक पाने में कामयाब रहे।

## केंद्रीय बजट 1 फ़रवरी 2025

# टैक्स सुधार कौशलता विकास, कृषि उत्पादकता रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोक़स की संभावना

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र में पूर्व पीएम का शनिवार दिनांक 28 दिसंबर 2024 को अंतिम संस्कार हुआ व देश 7 दिनों के राष्ट्रीय शोक में है इस बीच वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के विकसित देशों की गंभीरता से पैनी नज़र भारत के विज़न 2047 पर लगी हुई है, क्योंकि यह विज़न भारत की विकसित भारत की गाथा में मील का पत्थर साबित होगा, जिसकी नीव प्रतिवर्ष बनने वाले बजट ही हैं, क्योंकि बजट में ही तय होता है कि देश की आर्थिक गाड़ी की पटरी कैसी होगी पैसेंजर, मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट या फिर वंदे भारत। बजट को लेकर 24 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम की अर्थशास्त्रियों के साथ एक विशेष बैठक कर उनके विचार भी जान लिए हैं, इसलिए भारत सहित पूरी दुनियाँ की 1 फ़रवरी 2025 को घोषित होने वाले बजट 2025-26 पर लगी हुई है, जिसमें करीब करीब 11छेत्रो में चर्चा व सुझाव के लिए माननीय वित्तमंत्री लगातार बैठके कर रही है जो अंतिम चरण में है, उसके बाद आम जनता से सुझाव के लिए भी नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, फिर बज़ट को लिखने की प्रक्रिया शुरू होगी। जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में तो बजट बनाने वाले मुख्यस्टाफ का नाता दुनियाँ से कट जाता है यहां तक कि मोबाइल भी उन्हें अल्लोव नहीं रहती, इतनी सिक्योरिटी के साथ बजट कार्य हर साल होता है, इस वर्ष भी इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,स्वाभाविक रूप से कार्य संभावनाओं का बाजार भी गर्म हो चुका है इसपरगंभीरता से मैंनें विश्लेषण किया हूं और कुछ संभावना का पैनल बनाया हूं (1) आयकर अधिनियम की धारा 80 सी जिसकी अभीछूट 1.50 लाख है उसे अब 2.0 लाख करने की संभावना (2) हेल्थ बीमा 80 डी में अभी हेल्थ इंश्योरेंस 25 हज़ार की छूट होती है व सीनियर सिटीजन को 50 हज़ार की छूट होती है जिसे बढ़ाकर अभी दुगना किया जा सकता है। (3) होम लोन पर अभी 2024 में ब्याज की टैक्स छूट है 2 लाखहै जिसे 3 लाख किए जाने की संभावना है। (4) सीनियर सिटीजन की आयकर टैक्स छूट सीमा धारा 80 टीटीबी धारा 80 डीडीबी 80 डी सहित पेंशन कटौती व आयकर स्लैब में वृद्धि मिलसकती है, चूँकि वैश्विक अनिश्चित के बीच विज़न 2047 के लिए विकास की गति को बनाए रखना बजट 2025-26 में एक चुनौती पुणे कार्य है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2025 में टैक्स सुधार कौशलताविकास कृषि उत्पादकता,रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोक़स संभावना।

साथियों बात अगर हम बजट 2025 में टैक्स सुधारो की करें तो, मीडिल क्लास टैक्सपेयर्स को सरकार से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, ऐसी खबरें हैं कि सरकार इस बजट में 10.5 लाख रुपये तक के सालाना वेतन पर टैक्स की देनदारी कम कर सकती है।1 फरवरी 2025को पेश होने वाले आगामी बजट में इसकी घोषणा की जा सकती है इस प्रस्ताव का उद्देश्य धीमी होती अर्थव्यवस्था और बढ़ती महंगाई के बीच खपत को बढ़ावा देना है वर्तमान में 3 लाख रुपये से 10.5 लाख रुपये तक की आय पर 5 फीसदी से 20 फीसदी टैक्स लगता है, जबकि 10.5 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30 फीसदी की दर से टैक्स लगता है।2 व्यवस्थाओं में से चुनने का विकल्प पुरानी व्यवस्था- जिसमें घर का किराया और बीमा जैसी छूट शामिल हैं.नई व्यवस्था (2020)- जिसमें कम कर दरें हैं लेकिन अधिकांश छूट हटा दी गई हैं,प्रस्तावित कटौती के माध्यम से सरकार अधिक लोगों को 2020 की स्ट्रक्चर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने अभी तक किसी भी कटौती के साइज पर निर्णय नहीं लिया है,यह निर्णय 1 फरवरी के करीब लिया जाएगा। भारत को अधिकांश इनकम टैक?स कम से कम 10 लाख रुपये कमाने वाले लोगों से प्राप्त होता है, जिस पर ओल?ड टैक?स रिजीम के तहत 20 प्रतिशत टैक?स लगता है, रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार मिडिल क?लास के राजनीतिक दबाव में है, जो हाई टैक?स के बोझ तले दबा हुआ है। यह असंतोष वेतन वृद्धि के कारण और भी बढ़ गया है, जो महंगाई के साथ तालमेल नहीं रख पा रही है, जिससे घरेलू बजट पर और भी दबाव पड़ रहा है,रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों के लिए आयकर दरों को कम करने पर विचार कर रही है. यह कदम मध्यम वर्ग को सीधे लाभ पहुंचा सकता है,




जो बढ़ती जीवनयापन की लागत से जूझ रहा है. कर कटौती से करदाताओं के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जो खपत और बचत को बढ़ावा देगा सरकार केंद्रीय बजट में मिडल क्लास को बड़ी राहत दे सकती है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह राहत इनकम टैक्स में बदलाव के रूप में हो सकती है। बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इसके लिए जरूरी तैयारियां शुरू हो गई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी अलग-अलग क्षेत्र के प्रतिनिधियों और एक्सपर्ट से मुलाकात कर चुकी हैं।बजट 2025 की तैयारियों के बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर मिडिल क्लास के लिए आयकर दरों को कम करने का दबाव बढ़ रहा है. बढ़ती मुद्रास्फीति और कमजोर खपत के कारण मध्यम वर्ग पर आर्थिक दबाव काफी बढ़ गया है. ऐसे में, कर राहत मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ी राहत बन सकती है और अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सहायक हो सकती है।


साथियों बातअगर हम बजट 2025 में आर्थिक राजनीतिक संदर्भ की करें तो,रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई- सितंबर 2024 में भारत की जीडीपी वृद्धि सात तिमाहियों में सबसे कमजोर रही, साथ ही खाद्य महंगाई ने शहरी परिवारों की आय पर दबाव बढ़ा दिया है, जिससे वाहनों, घरेलू सामान और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की मांग प्रभावित हुई है. विशेषज्ञों का मानना ??है कि अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो उपभोक्ताओं के पास ज्यादा खर्च करने लायक आय होगी, जिससे भारत की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ सकती है.सरकार का रुखसूत्रों के अनुसार टैक्स कटौती के आकार और अन्य विवरणों को अंतिम रूप देने का फैसला बजट की तारीख के करीब लिया जाएगा. हालांकि वित्त मंत्रालय ने अभी तक इस प्रस्ताव या राजस्व पर इसके प्रभाव के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. माना जा रहा है कि सरकार को होने वाले राजस्व के नुकसान की भरपाई नए शासन में ज्यादा लोगों के शामिल होने से हो जाएगी उम्मीदें अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो लाखों टैक्सपेयर को राहत मिलेगी, इस कदम से न सिर्फ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सरकार का टैक्स स्ट्रक्चर अपनाने का उद्देश्य भी पूरा होगा।भारत में मुद्रास्फीति ने लोगों की क्रय शक्ति को प्रभावित किया है, दैनिक उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग के घरेलू बजट पर दबाव डाला है, परिणामस्वरूप, कारों, उपकरणों और व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं जैसे उत्पादों की खपत में गिरावट आई है. भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चेतावनी दी है कि मुद्रास्फीति पर काबू पाना आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक है।

## जहन में उठता एक प्रश्न

# जाने मरने के बाद लोग अच्छे क्यों लगने लग जाते हैं?

एक ऐसे शख्स ने गुरूवार को अंतिम श्वास ली जिनका पूरा जीवन देश के आर्थिक व्यवस्था को बनाए रखने व विकास में निकल गया। 26 सितंबर, 1932 को जन्म लेने वाले देश के ख्यातिनाम प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसम्बर को एम्स दिल्ली में हो गया। वे भारत के 13वें प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठने वाले पहले सिख हैं। मनमोहन सिंह की अपने कुशल और ईमानदार छवि के कारण सभी राजनीतिक दलों में अच्छी साख रही। जब कांग्रेस और उसके सहयोगियों को 2004 के चुनाव के बाद बहुमत मिला तो मनमोहन सिंह को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी की इच्छा से प्रधानमंत्री चुना गया था। अब मेरे मन की बात जैसा की शीर्षक है कि वास्तव में मरने के बाद ही लोग इस दुनिया को अच्छे लगने लगते हैं। गुरूवार रात को जैसे ही इन्होंने अंतिम सांस ली लोगों ने इन्हें एतिहासिक प्रधानमंत्री का खिताब दे ड़ाला। कुछ दिनों पहले तक सोनिया गाँधी की कठपुतली के नाम से इनका जीक्र करने वाले लोग अचानक बदल गए। अखबार की फ्रंट खबरों में भी इनके 10 साल स्वर्णिम लिखे गए और फैसलों को एतिहासिक और जनहित का बताया गया। मुझे लगता है कि यहां मरने के बाद ही इंसान अच्छा लगता है। जीते जी तो इनके ऊपर ना जाने कितने ही कॉमेड़ी विडियों बनाए गए थे। देश की आर्थिक व्यवस्थाओं को संभाल कर रखने वाले महान व्यक्ति सच में मरने के बाद महान हो गए। मुझे अचरज तो तब हुआ जब अचानक इस खूबसूरत शख्सियत की तारीफ हर इंसान करने लगा। तो ये वास्तव में ही सच है कि यहां दुनिया बड़ी अजीबो गरीब है यहां मरने के बाद ही इंसान अच्छा लगने लगता है जीते जी को तो बहुत कुछ देखना पड़ता है। माफ करना ये मेरे जहन में आ रहा था इसलिए लिख डाला।

*-रूपक शर्मा*



Former Prime Minister of India
(1932-2024)

## विशेष आलेख

# नो डिटेंशन पॉलिसी के खात्मे से शिक्षा में होगा सुधार

**सुनिल महला**



हाल ही में केंद्र सरकार (शिक्षा मंत्रालय) ने नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है जिसके तहत अब कक्षा 5 और 8 की वार्षिक परीक्षा में असफल छात्रों को फेल किया जाएगा, यह वाकई एक स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में, केंद्र सरकार के इस फैसले से बच्चों के अंदर सीखने की इच्छा और ललक बढ़ेगी। नियम में बदलाव का फायदा यह होगा कि अब उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जो किसी कारणवश पढ़ाई में अच्छी परफोर्मेंस नहीं दे पाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो, इस दौरान छात्र की शिक्षा स्थिति को सुधारने के लिए शिक्षकों की ओर से विशेष कोशिश की जाएगी और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिक्षक न केवल छात्र विशेष के शैक्षणिक प्रदर्शन पर ध्यान देंगे, बल्कि उनके माता-पिता, अभिभावकों को भी समय समय पर उसके बारे मार्गदर्शन व सुझाव आदि देंगे। इस पॉलिसी के खत्म होने के बाद पांचवीं और आठवीं कक्षा में जो छात्र फेल या असफल हो जाते हैं, उन्हें फेल/असफल ही घोषित किया जाएगा और उन्हें दो महीनों के भीतर एक बार पुन: परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा और यदि वे इसमें भी फेल या असफल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नति नहीं दी जाएगी। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अभी तक आठवीं कक्षा तक फेल करने का प्रावधान नहीं था। यहां यह उल्लेखनीय है कि इससे पहले, प्रारंभिक शिक्षा के दौरान किसी भी छात्र को कक्षा विशेष में रोकने की परमिशन नहीं थी। हालांकि, अब 5वीं और 8वीं कक्षा में शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर रोकने की परमिशन दी गई है। बहरहाल, एक और अच्छी बात यह है कि इस पॉलिसी के तहत किसी भी छात्र को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। वर्ष 2010-11 से पहले पांचवीं और आठवीं कक्षा में बोर्ड की परीक्षाओं का प्रावधान किया गया था,जिसे वर्ष 2010-11 से बंद कर दिया गया था। विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था। इससे स्कूली शिक्षा के स्तर में लगातार गिरावट आ गई थी। इतना ही नहीं, इसका प्रभाव 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं पर भी कमोबेश पड़ा और नतीजे खराब आ रहे थे। यहां तक कि राज्य सरकारें भी पहले से जारी व्यवस्था को लेकर असमंजस की स्थिति में थीं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद राज्य चाहें तो परीक्षा करा सकते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि केंद्र सरकार ने कक्षा 5 व 8 के छात्रों को अनुत्तीर्ण न करने की नीति को खत्म करने के संबंध में शिक्षा के अधिकार कानून में बदलाव करके इसे वर्ष 2019 में ही अधिसूचित कर दिया था, लेकिन देश के बहुत से राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसे अपनाये हुए हैं। गौरतलब है कि जुलाई 2018 में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर लोकसभा में शिक्षा का अधिनियम, 2009 के संशोधन पर अपनी बात रखते हुए यह कहा था कि %कई सरकारी स्कूल अब मिड डे मील स्कूल बन गए थे क्योंकि इनमें शिक्षा और सीखना ग़ायब है।%गौरतलब है कि उस समय केंद्र में नो डिटेंशन पॉलिसी थी, जिसे अब केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा के लिए हटा दिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि शिक्षा संविधान में आज समवर्ती सूची का विषय है।1976 से पूर्व शिक्षा पूर्ण रूप से राज्यों का उत्तरदायित्व था, लेकिन 1976 में किये गए 42 वें संविधान संशोधन द्वारा जिन पाँच विषयों को राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में डाला गया, उनमें शिक्षा भी शामिल थी। गौरतलब है कि समवर्ती सूची में शामिल विषयों पर केंद्र और राज्य मिलकर काम करते हैं। अब केंद्र सरकार ने शिक्षा (पांचवीं/आठवीं कक्षा के बच्चों) के संदर्भ में यह निर्णय लिया है कि कमजोर छात्रों की मॉनीटरिंग हो और इनकी कमजोरी को चिह्नित कर अभिभावकों की मदद से इन छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिक्षा के स्तर में सुधार किए जा सकें। यह पॉलिसी केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय व सैनिक स्कूलों सहित सरकार द्वारा संचालित तीन हजार से ज्यादा स्कूलों में लागू होगी। कहना ग़लत नहीं होगा कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर लंबे समय से सवाल उठाये जा रहे थे। अब नई पालिसी से शिक्षा में पहले से कहीं अधिक सुधार होगा। यह भी कहना ग़लत नहीं होगा कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए, क्यों कि शिक्षा का किसी राष्ट्र का प्रमुख आधार स्तंभ होती है, विकास की असली रीढ़ होती है। आज भी हमारे देश की शिक्षा प्रणाली कमोबेश मैकोले शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। अत: आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर हमेशा ठोस कार्य हों। शिक्षा पद्धति को जटिल नहीं अपितु सरल होना चाहिए अथवा उसमें ऐसा समावेश किया जाना चाहिए, जिससे छात्र सरलता से जटिलता की ओर आगे बढ़ें। नीरस और स्तरहीन शिक्षा का कोई औचित्य नहीं होता। आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा में परंपरागत पद्धतियों के स्थान पर आधुनिक पद्धतियों का समावेश किया जाए। आज के परिवेश में छात्र अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यालयों में विभिन्न संसाधनों इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही शिक्षकों की कमी आदि पर भी आज ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा में पर्यावरण, प्रकृति व खेल को विशेष स्थान दिया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा से जुड़ें। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि आज शिक्षा का अधिकार जितना अहम है, उतना ही उसकी गुणवत्ता में कंट्रोल भी जरूरी और अति आवश्यक है।

## आज का इतिहास

### 29 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल शासक बाबर का बेटा हुमायूं 1530 में उसका उत्तराधिकारी बना।
- ब्रिटेन की सेना ने 1778 में अमेरिकी राज्य जॉर्जिया पर कब्जा किया।
- टेक्सास 1845 में अमेरिका का 28वां राज्य बना।
- सन 1851 में पहली अमेरिकी वायएमसीए बोस्टन, मैसाचुसेट्स में खुलता है।
- सन 1860 ने पहले ब्रिटिश समुद्री लोहा पहने युद्धपोत, एचएमएस योद्धा शुरू की है।
- सुन यात सेन को 1911 में नए चीन गणतंत्र का राष्ट्रपति घोषित किया गया।
- मंगोलिया 1911 में किंग वंश के शासन से आजाद हुआ।
- नीदरलैंड ने 1922 में संविधान अंगीकार किया।
- समेकित बी-24 की 1939 में पहली उड़ान।
- यूरोपीय देश हंगरी में 1949 में उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- लिस्बन में 1959 में मेट्रो संचालन शुरू होता है।
- कलकत्ता मे 1972 में मेट्रो रेल का काम शुरू हुआ।
- ब्रिटेन में 1975 में महिलाओं और पुरुषों के समान अधिकारों से जुड़ा क़ानून लागू।
- विश्व का सबसे बड़ा ओपन एयर थियेटर 1977 में 'ड्राइव' बंबई (अब मुम्बई) में खुला।
- स्पेन में 1978 में संविधान प्रभाव में आया।
- भारतीय क्रिकेटर सुनील गावास्कर ने 1983 में टेस्ट क्रिकेट में अधिकतम 236 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाये।
- कांग्रेस ने 1984 में स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे भारी बहुमत से संसदीय चुनाव जीता था। इस चुनाव में 28 सीटें जीतकर तेलुगु देश में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के तौर पर उभरी।
- श्रीलंका ने 1985 में 43,000 भारतीयों को नागरिकता प्रदान की।
- ऑस्ट्रेलिया में 1988 में विक्टोरियाई पोस्ट ऑफिस संग्रहालय बंद हुआ।
- वाक्लाव हाबेल 1948 के बाद 1989 में पहली बार चेकोस्लोवाकिया के ग़ैर-साम्यवादी राष्ट्रपति चुने गये।
- दंगों तोड़ आउट के बाद 1989 में हांगकांग को जबरन वियतनामी शरणार्थियों प्रत्यावर्तित का फैसला किया।
- ग्वाटेमाला और ग्वाटेमेले राष्ट्रीय क्रांतिकारी संघ के नेताओं ने 1996 में 36 साल के गृह युद्ध समाप्त होने के समझौते पर हस्ताक्षर।
- नाटो के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए 1996 में एकत्र होकर कार्य करने के मुद्दे पर रूस एवं चीन में सहमति।
- पाकिस्तान पर्यटकों को 2002 में भारत के तीन शहरों में घूमने की अनुमति।
- सन 2004 में सुनामी लहरों के कारण इंडोनेशिया में मरने वालों की संख्या 60,000 पहुँची।
- चीन ने वर्ष 2006 में राष्ट्रीय रक्षा पर श्वेत पत्र जारी किया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**वृष**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**मिथुन**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**कर्क**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**कन्या**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा।

**तुला**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**वृश्चिक**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**धनु**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**मकर**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कुंभ**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**मीन**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हालांकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# तो क्या मालपुरा को मिल सकती है जिले की सौगात

### क्षैत्रवासियो को अपने जनप्रतिनिधि जलदाय मंत्री पर है पूरा भरोसा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र को क्या जिले की सौगात मिल सकती है। हर आम जन के मन में यही सवाल बार बार आ रहा है। शनिवार को मंत्रीपरिषद की बैठक सम्पन्न होने के बाद सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के एक नए संभाग व नो नए जिलो का निरस्त करने का फैसला हो सकता है। मंत्री परिषद की बैठक पर हर आम जन की निगाहे टिकी हुई है। यदि सूत्रो की माने तो सरकार दूदू व केंकड़ी को कांग्रेस राज में मिला जिले का तमगा वापस ले सकती है। ऐसे में क्या फिर राज्य सरकार मालपुरा को जिले की सौगात दे सकती है। इस बात की संभावना को ऐसे भी बल मिलता है कि मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत कर दिया गया है। साथ ही मालपुरा नगरपालिका क्षैत्र की सीमा में बढ़ोतरी के प्रस्तावो की भी चर्चा है। इसके अलावा सरकार ने मालपुरा क्षेत्र की डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह को ग्राम पंचायत से क्रमोन्नत कर नगरपालिका में क्रमोन्नत कर चुकी है। ऐसे में अब मालपुरा को जिले की सौगात मिलने की पूरी पूरी संभावना है। इस बारे में गौरतलब है कि इस मालपुरा क्षैत्र का पूरे प्रदेश में प्रतिनिधित्व है। क्योंकि मालपुरा क्षैत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी वर्तमान प्रदेश सरकार के केबिनेट जलदाय विभाग जैसे बड़े विभाग के मंत्री हैं। इसके अलावा चौधरी ने अपने जन्म दिवस पर मालपुरा में आयोजित एक सार्जनिक कार्यक्रम में वादा कर चुके हैं कि प्रदेश में यदि कोई नया जिला बनेगा उसमें मालपुरा का नाम सबसे पहला होगा। मालपुरा क्षैत्रवासी जानते भी हैं कि चौधरी यदि कोई वादा करते हैं तो उसको पूरा करने में अपनी ओर से पूरा प्रयास करते हैं। साथ ही चौधरी के प्रयास सफल भी होते हैं। इसलिए मालपुरा क्षैत्र की जनता को अपने जनप्रतिनिधि पर पूरा भरोसा है। इन सबके चलते अब मालपुरा क्षैत्र में जोरशोर से चर्चा यही है कि यदि राज्य सरकार कभी प्रदेश में नए जिले बनाएगी तो उसमें मालपुरा का नाम प्रथम रहेगा।

### श्रद्धालुओं के लिए खोला त्रिनेत्र गणेश मंदिर

# जंगल की ओर हुआ बाघिन एरोहैड और शावकों का रुख

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बाघिन एरोहैड व उसके शावकों का मूवमेंट आखिरकार एक बार फिर से रणथंभौर दुर्ग से वापस जंगल की ओर हो गया है। इसके बाद वन विभाग ने भी गत दिवस सुबह करीब आठ बजे से रणथम्भौर दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर को एक बार फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया। त्रिनेत्र गणेश मंदिर महंत बृजकिशोर दाधीच ने बताया कि मंदिर खुलने के बाद तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिनेत्र गणेश के दर्शन किए। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बाघिन एरोहैड और उसके तीन शावकों का मूवमेंट रणथम्भौर दुर्ग पर भी बना हुआ था। ऐसे में वन विभाग की ओर से दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों का प्रवेश बंद किया हुआ था।

### तीन बजे बाद नहीं दी जाएगी एंट्री

वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिनऔर शावकों के एक बार फिर से दुर्ग से जंगल की ओर लौट जाने के बाद फिर से श्रद्धालुओं का प्रवेश शुरू कर दिया गया है। हालांकि अभी सुरक्षा और एहतियात के तौर पर कुछ दिनों के लिए श्रद्धालुओं को केवल दोपहर तीन बजे तक ही गणेश धाम के भीतर प्रवेश दिया जाएगा, ताकि सभी श्रद्धालु शाम पांच बजे तक दिन ढलने से पूर्व ही नीचे लौट सकें। मंदिर मार्ग बंद होने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में रोष था। मंदिर प्रबंधन के हिमांशु गौतम ने बताया कि मंदिर नहीं खुलने से ग्रामीण और भक्तों में रोष व्याप्त था। वे आंदोलन की चेतावनी दे रहे थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और प्रवेश को लेकर ग्रामीण और मंदिर प्रशासन ने सीसीएफ और डीएफओ से बातचीत की। वन अधिकारियों ने त्रिनेत्र गणेश मार्ग के बंद होने पर चिंता जताई। वन अधिकारियों के निर्देश पर रेंजर अश्विनी प्रताप ने टीम के साथ मिलकर बाघिन व उसके शावकों को मंदिर मार्ग से दूर किया। इसके बाद गणेश मार्ग चालू हुआ।

# सीसीएफ कार्यालय में तैनात होमगार्ड पर जानलेवा हमला

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर बाघ परियोजना के सीसीएफ कार्यालय में एक होमगार्ड पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में होमगार्ड गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए वनकर्मी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां फिलहाल घायल होमगार्ड का उपचार जारी है। वनपाल राम सिया बैरवा ने बताया कि होमगार्ड राधेश्याम गुर्जर (52) पुत्र गोवर्धन गुर्जर निवासी बंबोरी आज सुबह सीसीएफ कार्यालय में चौकीदारी के लिए खड़ा हुआ था। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे ईडीसी गाइड भर्ती को लेकर कुछ लोग सीसीएफ अनूप के आर ज्ञापन देने आए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ में शामिल एक अज्ञात युवक ने होमगार्ड राधेश्याम गुर्जर के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। उसने पास पड़े एक डंडे से होमगार्ड के ऊपर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे होमगार्ड गंभीर घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद व्यक्ति मौके से फरार हो गया। घटना का पता लगने के बाद वन विभाग के कर्मचारी घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है।

# बालघाट सीएचसी पर आयुष्मान आरोग्य शिविर हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी/ बालघाट ( नि.स. )।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालघाट पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पांच सौ मरीजों का उपचार कर निशुल्क दवा दी गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुगन लाल मीणा ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जांच कर परामर्श के साथ दवा भी दी। गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, आभा आईडी बनाई गई। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. शिवद् ?याल मीना ने मरीजों को पोषण (खाद्य सामग्री) वितरित की। शिविर ट्रीटमेंट सुपरवाईजर अजय शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सक रामकेश मीणा, राधामोहन शर्मा, विजय कुमार शर्मा, कृष्ण अवतार शर्मा, हरीशंकर शर्मा, रियाज खान, राजेश आदि मौजूद रहे।

# आम रास्ते पर चला प्रशाशन का पीला पंजा

बढ़ता राजस्थान

**गंगासपुर सिटी ( नि.स. )।** बामनवास पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुमेल के आकोदिया गांव के सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इससे पूर्व खण्ड विकास अधिकारी बामनवास ने जिला कलक्टर को पत्र लिख कर अतिक्रमण हटवाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस इमदाद मांगी थी। इस पर कलक्टर ने एसपी को पत्र लिख कर पुलिस जाब्ता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। पुलिस इमदाद के साथ प्रशाशनिक अधिकारियों व पंचायत प्रशाशन ने गांव के खसरा नम्बर 274 तथा 275 के बीच अतिक्रमण कर बोई गई फसल को नष्ट करवा दिया। अब यहां सुगम रास्ता बनाया जा सकेगा। जिससे आवागमन में आसानी होगी।

# अजनोटी में जिला कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## पीएम आवास योजना के आवेदनों की वरियता सूची पंचायत भवन पर करें चस्पा : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन की समस्याओं का उनके घर के नजदीक सुनवाई करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गत दिवस पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत अजनोटी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि गांव मौहल्लों की स्वच्छता सड़क, नाली, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था करना पंचायत का दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे पंचायत के अधिकारियों का राजकार्य में सहयोग करें, पानी सड़कों पर व्यर्थ न बहाये, अतिक्रमण न करें, आपसी भाई चारे व शांतिपूर्ण तरीके से रहे। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के अन्तर्गत पूर्व में किए गए आवेदनों की वरीर्यता सूची को ग्राम विकास अधिकारी पंचायत भवन पर चस्पा करें। इस योजना के अन्तर्गत अन्य पात्र व्यक्तियों के लिए ईमानदारी से नये सर्वे किया जाए और पीएम आवास आवंटित करने का निर्णय ग्राम सभा में दिया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जिस किसी ने चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है वे तत्काल प्रभाव से अपना अतिक्रमण हटा ले नहीं तो अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ उसके खिलाफ भी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच को निर्देशित किया कि अगर अतिक्रमण हटाने के लिए 10 से अधिक पुलिस कर्मियों की आवश्यकता है तो जिला कलक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय को अवगत कराए। वहीं उन्होंने जलदाय विभाग के जेईएन व पटवारी को पेयजल और रास्तों के अतिक्रमण की समस्याओं के निराकरण के संबंध में संयुक्त रूप से गांवों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। इस दौरान



खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जुड़वाने, पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, आम रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, कब्रिस्तान हेतु भूमि आवंटन करने, गौशाला बनवाने, क्षतिग्रस्त पाईललाइन को दुरस्त करवाने आदि प्रकरण प्राप्त हुए। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी डॉ. सरोज बैरवा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# डॉ. बरखा की उपलब्धि पर हरषा धनजाणी परिवार व मालपुरा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के धनजाणी परिवार की होनहार लाड़ली व चिकित्सक दम्पति की प्रतिभावान डॉ. बरखा धनजाणी ने पेडियाट्रिक्स में पी.जी. एम.डी. की डिग्री प्राप्त कर अपने माता पिता,परिवार व सम्पूर्ण मालपुरा क्षैत्रवासियो का मन खुशियो से भर दिया।


दिल्ली स्थित लेडी होर्डिंग मेडिकल कालेज स्नातकोत्तर उपाधि वितरण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मालपुरा क्षैत्र में चिकित्सको की खान माने जाने वाले धनजाणी परिवार व चिकित्सक दम्पति डॉ. अर्जुन दास व डॉ. विद्या की होनहार व प्रतिभाशाली लाड़ली डॉ. बरखा धनजाणी ने पेडियाट्रिक्स में पी.जी. एम.डी. की डिग्री प्राप्त की। डॉ. बरखा की इस मान उपलब्धि पर मालपुरा का धनजाणी परिवार सहित सम्पूर्ण मालपुरावासी खुशियो से सरोबार हो




गए। साथ क्षेत्रवासियो का मन खुशियो से भर गया। डॉ. बरखा ने इसका श्रेय अपने चिकित्सक माता पिता सहित अपने मार्गदर्शक गुरूजनो को दिया है। वहीं डॉ. बरखा के डिग्री प्राप्त करने की जानकारी के बाद डॉ. अर्जुन दास को उनके निवास पर बधाइ्र देने वालो का तांता लगा रहा। डॉ. अर्जुनदास ने भी शहरवासियो से प्राप्त बधाई पर शहरवासियो का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बारिश के बाद औंस व घने कोहरे की ओट में छिपा मालपुरा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर व ग्रामीण अंचलो में बारिश के बाद क्षैत्र में औंस व घने कोहरे के चलते जनजीवन पर विपरीत असर पड़ा। मालपुरा शहर व ग्रामीण अंचलो में शुक्रवार को दोपहर बाद बारिश का लम्बा दौर चला। बारिश यह दौर देर शाम तक रूक रूक कर जारी रहा। बारिश के थमने के बाद हल्की ठंडी हवाऐं शुरू हो गई। जिसके चलते देर शाम से ही आसमान से औंस की बूंदे टपकने के साथ साथ घना कोहरा छा गया। रात के समय कोहरे के चलते सड़के सुनसान नजर आई। सड़को पर लगी सार्वजनिक लाईटो की रोशनी भी कोहरे में छिपी नजर आई। वहीं शनिवार को दोपहर बाद क्षैत्र में मौसम खुला और आसमान में हल्की घूप खिलने से आम जन को कुछ राहत मिली।

# अतीक अहमद का पहली बार करौली जिले के हिंडौन सिटी शहर पहुंचने पर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी/ बालघाट ( नि.स. )।** राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) के प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अतीक अहमद शुक्रवार को पहली बार का करौली जिले के हिंडौन सिटी शहर पहुंचे। जहां एक सामाजिक कार्यक्रम में अहमद का स्वागत किया गया। सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक इदरीस अहमद ने बताया रकमा प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। इस दौरान अहमद ने कहा कि हमारा संगठन अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों के हितों के प्रति कटिबद है ।समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस दौरान डॉ. अरबाज खान, शिक्षाविद प्रोफेसर अतीक खान, पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के खलीक, राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद अदीब, नोमान सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# शहर में सांड के हमले में मौत परिजनों को आर्थिक सहायता की मांग, सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पुराने शहर के व्यापार मंडल एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने शहर सिनेमा गली के सामने शहर निवासी अब्दुल अजीज पुत्र अब्दुल लतीफ की सांड के हमले में हुई मौत के मामले में शनिवार को व्यापार मंडल एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने मृतक के बेसहारा परिवार को आर्थिक सहायता एवं रोजगार दिलवाने ओर इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाकर कार्यवाही करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मौजूद काजी ने बताया कि विगत 19 तारीख को शहर सिनेमा गली के सामने से अपने घर जा रहे अब्दुल अजीज पर एक आवारा सांड ने हमला कर दिया, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि जयपुर में



इलाज के दौरान अजीज की मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि मृतक के चार बच्चे हैं जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं घर में कमाने वाला एक मात्र व्यक्ति था जो सांड के हमले से मर गया।

ऐसे में परिवार पर पालन पोषण करना मुश्किल हो गया।जिसको लेकर व्यापार मंडल एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर सुभम चौधरी को ज्ञापन सौंपा और सांड के हमले में मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं उचित रोजगार दिलवाने की मांग की है। शहर के व्यापारियों का कहना है कि शहर में आए दिन आवारा जानवरों के द्वारा घायल करने की घटनाएं होती रहती है शहर के बाजारों व आम रास्तों पर आवारा पशु घूमते नजर आते हैं ऐसे में नगर परिषद द्वारा भी जिम्मेदारी से कोई कार्य नहीं किया जा रहा जो एक चिंता का विषय है उन्होंने ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद द्वारा आवारा जानवरों की देखभाल के लिए शहर से बाहर उचित प्रबंध करें जिससे आमजन की परेशानी कम हो सके और ऐसी घटना भविष्य में घटित ना हो सके। ज्ञापन के दौरान व्यापार मंडल के व्यापारी एवं मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर संसद में टिप्पणी पर गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई की मांग

### एसडीएम को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर/गंगासपुर सिटी ( नि.स. )।** संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमीशाह की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ ही आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने वजीरपुर एडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर अमीशाह के इस्तीफे के साथ ही शाह पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एसडीम पिंकी गुर्जर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अजय खातीपुरा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता हैं। संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान देश के गृहमंत्री ने जान बूझ कर बाबा साहब पर अशोभनीय टिप्पणी की है। इससे बाबा साहब के करोड़ों अनुयायियों को ठेस पहुंची है। जब तक शाह सामाजिक रूप से माफी नहीं मांगते विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। जाटव समाज जिलाध्यक्ष रामदयाल जाटव ने कहा कि शाह ने संसद में कहा कि अम्बेडकर का जितना नाम लेते हो , उतना भगवान का



लिया होता तो स्वर्ग मिल जाता। उन्होंने कहा बाबा साहब हमारे भगवान है। जिन्होंने हमे मूलभूत अधिकार दिए। उन्हीं के बनाए संविधान की बदौलत शाह देश के गृहमंत्री बने हैं। यह बात उन्हें नहीं भूलना चाहिए। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष रुकम सिंह जीवली ने कहा कि संसद में देश के संविधान के मूल निर्माता तथा करोड़ों एससी-एसटी और बहुजनों के मसीहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे पूजनीय है। उनका अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। शाह के शब्द उनके मन में जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करते हैं। इससे बहुजन समाज के आत्म सम्मान को ठेस पहुंची है। हर वर्ग में आक्रोश है। शाह को इस कृत्य पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगना होगा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता आदिवासी पिंटू बडौली, दीपक जाटव, दीपक जगरिया, श्रीफूल बैरवा, जगदीश महावर, परमोली पटेल, प्रियांशु मीना, भूरसिंह मीणा, शेखर अलवारिया, लड्डू सिंह जगरिया, अनिल कुमार, आदित्य कुमार, यश कुमार, हेमंत कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. ललिता वर्मा जिले में रही अव्वल

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के सरकारी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा की धर्मपत्नि राजकीय आयर्वेद चिकित्सालय में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. ललिता वर्मा ने जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान में सर्वे किया गया। इस सर्वे में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मालपुरा की आयुर्वेद चिकित्साधिकारनी डॉ. ललिता वर्मा ने अभ्रियान के अन्तर्गत जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभियान के अन्तर्गत आम जन को अधिक से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रेरित करना था।

## खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति के सदस्य किए मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुरसिटी( नि.स. )।** बामनवास विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र मीणा की अभिषंशा पर खाद्य सुरक्षा एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा बरनाला तहसील स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। इसमें ऋषिकेश मीणा बरनाला, नमोनारायण मीणा झाड़ोदा,बबलू मीणा नारोली चौड,मनोज मीणा टिगरिया व महेंद्र सिंह गुर्जर देहरी को बरनाला तहसील की खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। विभाग द्वारा जारी मनोनयन पत्रानुसार इनका मनोनयन दो वर्ष के लिए किया गया है।

# जिला कलक्टर ने शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

## ऐतिहासिक बावडियों का संरक्षण करने एवं शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शनिवार प्रात: शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शहर की प्राचीन बावडियों के जीर्णोद्धार कराने, प्रमुख स्थानों पर अच्छे सार्वजनिक शौचालय बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नए साल में नई थीम पर शहर को साफसुथरा बनाने का लक्ष्य दिया। जिला कलक्टर ने शहर में सैनी धर्मशाला के पीछे सेठ की बावडी, करौली कुंड, गायत्री मंदिर रोड, कबीर कॉलोनी वार्ड नंबर.19 एवं कंपनी के सामने का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था फीडबैक लिया। उन्होंने सेठ की बावडी सैनी धर्मशाला के पीछे बावड़ी का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि बावडी की साफसफाई व मरम्मत कार्य कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यहां बोर्ड लगवाना भी सुनिश्चित करें। इस दौरान

### आमजन से लिया साफ-सफाई व्यवस्था का फीडबैक



उन्होंने मोहल्ले वासियों से साफसफाई में श्रमदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि बावडियां हमारी ऐतिहासिक धरोहर हैं जिन्हें साफसुथरा व संरक्षित रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा क्लीन अलवर की दिशा में कार्य करते हुए एवं अलवर शहर की स्वच्छता रैंकिंग बेहतर करने के लिए साफसफाई व्यवस्था को सुधारने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इस कार्य में आमजन का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि नए साल पर स्वच्छता का संकल्प लेते हुए शहरवासी अपने घर व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित कचरा पॉइंट अथवा ऑटो टिपर में डालकर जिला प्रशासन का शहर की साफसफाई व्यवस्था सुधारने में सहयोग करें। इसके उपरान्त उन्होंने करौली कुंड राजाजी के बास में बने सार्वजनिक शौचालयए कबीर कॉलोनीए गायत्री मंदिर रोड तथा तिलक मार्केट स्थित शौचालयों का निरीक्षण कर मरम्मत व रंग.रोगन कार्य कराकर पिंक टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि इन शौचालयों की नियमित रूप से साफसफाई करावे ताकि आसपास के लोगों एवं विशेष रूप से बाजार में आने वाली महिलाओं को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कबीर कॉलोनी स्थित नाले का निरीक्षण कर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे यथाशीघ्र साफ कराने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि शहर के अन्य नालों की भी साफसफाई कराए जिससे कचरा एक स्थान पर एकत्रित नहीं रहे। उन्होंने तांगा स्टैंड पर शौचालय निर्माण तथा तांगा स्टैंड पर ही इंटर टाइल्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए की शहर में निरंतर साफसफाई का कार्य सुचारू रूप से संचालित रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करें कि कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टिपर नियमित रूप से मोहल्लों व बाजारों में जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर की साफसफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु आमजन से समझाईश करे, नहीं मानने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें।

### वार्ड प्रभारी अधिकारी ने भी रहें शहर के दौरे पर

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर अतुल्य अलवर अभियान के वार्ड प्रभारियों ने शहर की साफसफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर एवं यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना ने अपने .अपने वार्ड क्षेत्रों में साफसफाई व्यवस्थाए कचरा उठावए ऑटो टिपर तथा स्वच्छता सर्वेक्षण की गतिविधियों आदि का जायजा लिया।उन्होंने आमजन से साफसफाई का फीडबैक लेकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने आह्वान भी किया। इस अवसर पर यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, अधिशाषी अभियंता खेमराज मीना, आरओ युवराज युधिष्ठिर, सहायक अभियंता दिनेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# क्षेत्र के लोगों को मिलेगी निर्बाध बिजली : शेखावत

### 100 एमवीए का ट्रांसफार्मर पहुंचा बानसूर, 260 एमवीए के ट्रांसफार्मर पहले से ही मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने बानसूर क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली मिले उसके लिए अपने संकल्प विकसित बानसूर, खुशहाल बानसूर की ओर बहुत तेजी से बढ़ाया है।जो बिजली के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की तरफ़ उड़ान भर चुका है ।विधायक देवीसिंह शेखावत के अथक प्रयास से पूरे बानसूर विधानसभा क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में अब उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सकेगी । स्थानीय 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन बानसूर पर पावर ट्रांसफार्मर की स्थापित क्षमता 160 एमवीए प्लस 100 एमवीए यानि कुल 260 एमवीए थी ।लेकिन अब बढ़ कर यह 360 एमवीए हो जाएगी। विधायक कार्यालय से एडवोकेट नवीन कुमार यादव ने बताया की बानसूर के इतिहास में बिजली के क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा जा रहा है। यादव ने बताया कि शेखावत के अथक प्रयासों से इस ग्रिड सब स्टेशन पर एक 100 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर पहुंच गया है जिसे प्रसारण निगम द्वारा शीघ्र ही स्थापित कर दिया जाएगा ।जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली की निर्बाध पूर्ति हो सकेगी।इस उपलब्धि पर विधानसभा क्षेत्र के किसानों सहित आमजन में अपार खुशी की लहर है।क्षेत्र के ग्रामीणों सहित किसानों ने विधायक बानसूर देवीसिंह शेखावत का आभार जताया है ।इसलिए लोग कहने लगे हैं । विधायक देवीसिंह शेखावत की बात में वजन निकला।

# भारत परिवार के राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ.भरत मीणा की पुस्तक का विमोचन

बढ़ता राजस्थान




अलवर (का.स.)। निर्वाण वन फाउडेशन हाजीपुर दडीकर में आयोजित भारत परिवार के राष्ट्रीय सम्मेलन में बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ भरत मीणा की पुस्तक घुमंतू सांसी जाति, पुलिस बल एवं मानव अधिकार का विमोचन छत्तीसगढ़ के जानेमाने गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार, गंग मुक्ति आंदोलन बिहार के अनिल प्रकाश, डॉ. योगेंद्र कुमार, निर्वाण वन फाउंडेशन अलवर के निर्वाण बोधिसत्व, भारत परिवार के राष्ट्रीय संरक्षक दिलीप सिंह के द्वारा किया गया। डॉ.महेश गोठवाल ने बताया कि डॉ भरत मीणा की यह पुस्तक भारतीय समाज के हाशिए के समुदाय घुमंतू सांसी जाति के सामाजिक. आर्थिक जीवन और मानव अधिकारों की वस्तुस्थिति की पड़ताल करते हुए भारत की सामाजिक राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता का सवाल उठाती है। पुस्तक के लेखक डॉ. भरत मीणा ने बताया कि भारत की जाति व्यवस्था में घुमंतू सांसी जाति मुख्यधारा के समाज द्वारा बहिष्कृत एक ऐसा मानव समूह हैए जिसे ब्रिटिश शासन काल में स्वभाव से जन्मजात अपराधी मानते हुए अपराधी जनजाति अधिनियम के तहत चिह्नित कर पुलिस की निगरानी में रखा गया। आज़ादी के बाद अपराधी जनजाति अधिनियम समाप्त हो गयाए किंतु भारत की पुलिस घुमंतू सांसी जाति के प्रति ब्रिटिशकालीन पूर्वाग्रह रखती है और उसे आदतन अपराधी मानते हुए प्रताड़ित करती है। पुलिस द्वारा किया जाने वाला यह व्यवहार सांसी जाति के मानव अधिकारों का संरचनात्मक उलंघन है।

पुस्तक में इस मूल समस्या का अध्ययन करने के लिए साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण किया गया है। साथ ही घुमंतू जनजातियों के उत्थान हेतु विभिन्न स्तर पर किए गए प्रयासों, पुलिस बल का संगठनात्मक ढांचा, शक्तियां, दायित्व और पुलिस सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इस अवसर अवसर पर हरिशंकर गोयल, वीरेंद्र क्रान्तिकारी, सरिता भारत, डॉ.महेश गोठवाल, सर्वेश जैन, राजकुमार बक्शी, प्रदीप माथुर, किशोर कुमार, डॉ.महेश वर्मा सहित अनेक प्रांतों से आए सामाजिक कार्यकर्ता एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी महाकवि चंदबरदाई साहित्य सम्मान से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** वरिष्ठ भाजपा नेता, साहित्यकार, समाजसेवी तथा सेवा निवृत्त प्रोफेसर डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को महाकवि चंदबरदाई साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। भावना कला एवं साहित्य फाउंडेशन जयपुर द्वारा आयोजित किए गए एक समारोह में डॉ. चतुर्वेदी को संस्था की संस्थापक अध्यक्ष भावना शर्मा द्वारा महाकवि चंदबरदाई साहित्य सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को संगठनात्मक कार्यों का एक लंबा अनुभव है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा विविध सामाजिक संगठनों में वे पिछले पैंतीस वर्षों से निरंतर सक्रिय हैं। शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में वे अपनी एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। डॉ. चतुर्वेदी की 15 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। डॉ. चतुर्वेदी 17 शोधार्थियों के शोध निदेशक रहे हैं। डॉ. चतुर्वेदी ने लगभग 150 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भागीदारी एवं पत्र वाचन किया है। डॉ. चतुर्वेदी ने अनेक साहित्यिक पत्रिकाओं का संपादन भी किया है। डॉ. चतुर्वेदी को भारत के विभिन्न प्रांतों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 103 बार सम्मानित किया जा चुका है।

# भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कुमावत अध्यक्ष नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह चौधरी व प्रदेश संयोजक दिव्यन्दु शर्मा की अध्यक्षता में बानसूर विधानसभा क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए आगामी रणनीति को लेकर चर्चा हुई। जिसमें बानसूर विधानसभा क्षेत्र से तहसील अध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार कुमावत नियुक्त किया गया है। जिला प्रभारी सुरेन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि किसानों मजदूरों के हितों को मध्यनजर रखते हुए अरविन्द कुमार कुमावत को यह जिम्मेदारी दी गई है। हम आशा करते हैं कि कुमावत किसानों मजदूरों और संगठन की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष अरविन्द कुमार कुमावत ने कहा कि हर कदम प्रत्येक किसान और मजदूर की खुशहाली के लिए होगा।संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से निभाउंगा। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष अरविन्द कुमार कुमावत, जिला प्रभारी सुरेन्द्रसिंह चौधरी सहित उपस्थित संगठन के पदाधिकारीयों का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया और मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया गया।इस मौके पर छत्रपाल कटारिया,अशोक कुमार, मनोज गुर्जर,बाबूलाल यादव,सोहनलाल, लोकेश वर्मा, मुकेश,धर्मपाल, लेखराम सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# गौ ध्वज स्थापना दिवस पर संत समागम



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्रीराम गोशाला सोसाइटी भुसावर में गौ ध्वज स्थापना दिवस धूमधाम से गौ सांसद हेतराम शर्मा एवं संत संजयगिरी महाराज की उपस्थिति में आयोजित हुआ । श्री श्री 1008 जगतगुरु शंकराचार्य महाराज अभीमुक्तेश्वर आनंद सरस्वती 1008 महाराज की गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने पूरे भारत में गो ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी कड़ी में सभी संतो व सभी सनातन धर्म के ध्वज रक्षक व जगत गुरुओं के आशीष से देश भर में चलाए जा रहे गौ माता राष्ट्र माता अभियान के तहत गौ ध्वज स्थापना दिवस वैर विधानसभा के कस्वा भुसावर में श्री राम गौशाला भुसावर पर धूमधाम से मनाया गया।

जिसमे गो ध्वज स्थापना संत संजयगिरी नागा के साथ गो सांसद हेतराम शर्मा, तुलसीराम वैर ,गोसेवक देवेंद्र पांडेय,गोविंद गोसेवक ,मोरध्वज गोसेवक,सुशील कुमार शर्मा गौरव सैनी गोपालकृष्ण कटारा,केशव पांडेय,राहुल पांडेय, लोकेंद्र पांडेय,अर्जुन गुर्जर, कुलदीप पांडेय,गौरव इस अवसर पर मौजूद रहे।

# 15 दिन से मौहल्ले में सड़क खोज रहे हैं मौहल्ले के वासीगण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** 15 दिन से भी अधिक व्यतीत हो चुका है वार्ड नंबर 21, मौहल्ला ब्रह्मचारी, श्री खाटू श्याम जी के मंदिर वाली मुख्य सड़क में सीवरेज लाइन डालने के नाम पर सड़क को बीचोंबीच से खोद डाला गया है। कोई सुनने वाला नहीं है। यहां के रहने वाले प्रेम रतन तंवर ने बताया कि जनवरी में बेटी की शादी है और फरवरी में पड़ोसी की बेटी शादी है।इसकी शिकायत संपर्क पोर्टल पर भी कर दी गई है, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में आने जाने में भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर बारिश कोढ़ में खाज का काम कर रही है। इसलिए दैनिक बढ़ता राजस्थान के माध्यम से मौहल्ले वासियों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षण किया है।

# नव वर्ष की शुरुआत दूध एवं मेडिकल कैंप से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आर्य समाज एवं आर्य कन्या विद्यालय समिति स्वामी दयानंद मार्ग अलवर द्वारा 31 दिसंबर को शराब एवं नशे के विरोध में आठवां श्रीरदूध उत्सव शाम 6 बजे से मनाया जायेगा। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 में जयंती वर्ष शताब्दी के उपलक्ष में आर्य समाज एवं आर्य कन्या विद्यालय समिति अलवर में शराब, कन्या भ्रूण हत्या,दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, जाति भेद ,अंधविश्वास, कुरीतियों का विरोध प्रदर्शन करती आ रही है। आर्य समाज के मूलभूत सिद्धांतों के आधार पर जनता में जागरूकता पैदा करके इसका पुरजोर विरोध करती है। आर्य समाज चाहती है कि बालिकाओं को अच्छी शिक्षा मिले, परिवार में आदर सत्कार प्रेम बढे, सभी सुनागरिक बने, आर्य बने। 31 दिसंबर को लोग शराब की पार्टी में शामिल न होकर ए दूध पीकर चरित्रवान नागरिक बने। इस क्षीर उत्सव में लगभग 6000 लोग शामिल होकर विरोध प्रदर्शित करके संदेश देंगे।

# अलवर रंगम में मंचित हुआ नाटक तुमने क्यों कहा था मैं सुंदर हूं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर थिएटर फेस्टिवल अलवर रंगम 2024 के अंतर्गत प्रसिद्ध लेखक यशपाल की कहानी पर आधारित नाटक श्तुमने क्यों कहा था मैं सुंदर हूं का मंचन हुआ। इस नाटक को अख्तर अली ने बेहद सरल और बोलचाल की भाषा में लिखा है। यह एक सादगीपूर्ण कॉमेडी है, जो दर्शकों को सहजता से हंसाने और आनंदित करने में सक्षम है। नाटक की कहानी एक अस्पताल के निजी वार्ड में घटित होती हैए जिसमें मनोविज्ञान पर आधारित एक अनोखी प्रेम कहानी प्रस्तुत की गई। कहानी एक युवती सुगंधा की हैए जो जीवन के प्रति आशा खो चुकी है और गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती है। इसी बीच उमंग नाम का एक नया मरीज भी वहां आता हैए जो सुगंधा की आवाज़ से आकर्षित हो जाता है। हालांकि वह जानता है कि सुगंधा न केवल बीमार है, बल्कि सुंदर भी नहीं है, फिर भी वह उसके प्रति गहरा प्रेम विकसित करता है। नाटक में मानवीय संवेदनाओं को बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया। यह सादगीपूर्ण हास्य और बोलचाल की भाषा के माध्यम से प्रेम की गहराई को दर्शाता है। नाटक का मुख्य संदेश यह था कि प्रेम किसी बाहरी सुंदरता पर निर्भर नहीं करता।

हितेश भार्गव के निर्देशन में श्रंगप्रिया थिएटर सोसाइटी हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रस्तुत इस नाटक को दर्शकों ने खूब सराहा। 65 मिनट की इस प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों को मनोरंजित किया, बल्कि उन्हें प्रेम और मानवीय संवेदनाओं पर विचार करने के लिए प्रेरित भी किया। आज सायं 6:30 बजे हास्य नाटक ए बुड्ढे का मंचन होगा।

# पूर्व पीएम डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से सादगी व ईमानदारी की मूर्ति, आरबीआई के पूर्व गवर्नर, आर्थिक नीतियों से भारत को नई दिशा देने वाले डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की महान अर्थशास्त्री,पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर अंबेडकर नगर, 200 फीट बाईपास अलवर स्थित नव निर्मित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जनों ने डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि करके श्रद्धासुमन अर्पित करें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी विद्वान, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जीवन सादगीए सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल थी। उनकी दूरदर्शिता, दक्षता एवं आर्थिक नीतियों ने देश की प्रगति को नई दिशा दीए उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और विश्व पटल पर भारत को आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।1991 के आर्थिक संकट में उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत के लिए वरदान साबित हुआ। उनके सुधारों ने करोड़ों भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाया। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सूचना क्रांति, मनरेगा, किसानों की कर्जमाफी और शिक्षा के अधिकार जैसे ऐतिहासिक कदम उठाएए जिनका लाभ भारत आज भी उठा रहा है। उनकी राष्ट्रसेवा का हर भारतीय सदैव ऋणी रहेगा। यह युगांतकारी क्षति है। उनके निधन से समस्त कांग्रेस परिवार सहित पूरे देश में एक ऐसा रिक्त स्थान हो गया हैए जिसकी भरपाई संभव नहीं है। अंत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के प्रस्ताव पर सभी कांग्रेसजनों ने डॉण् मनमोहन सिंह जी को भारत रत्न देने एवं स्मारक बनाने की मांग का समर्थन किया।और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए 2 मिनिट का मौन रखा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, अशोक शर्मा, गिरीश डाटा, गफूर खान, हीरेन्द्र शर्मा, फूलचंद शर्मा, रिपुदमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जे डी आर्यन, बनवारीलाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शिवसहाय मीणा, नवीन शर्मा, शिवलाल गुर्जर, ओमप्रकाश, जगदीश सिंघल, अनवर साजिद, पंकज शर्मा, अंकित गोयल, रामप्रकाश शर्मा, प्रशांत राजा, रिंकू, रवि मीणा, कमलेश सैनी, जीत कौर, बीना नरूका, बीना चावला, बसमीना खान, राहुल पटेल, राजेश विरमानी, दशरथ सिंह शेखावत,के के खंडेलवाल, डॉ हुकम सिंह, धर्मपाल नंगली, हरिराम जाटव, डॉ. संदीप सैनी, बलबीर सिंह, खेमचंद महावर, मनीष कोली , सुदर्शन अरोड़ा, के सी मीणाए गोपाल जायसवाल, अशोक नंदा, रामकिशन बैरवा, शिंभू सिंह, लोकेश कुमार, नागेन्द्र सिंह चौधरी, डॉ धर्म चन्द, अनिल कुमार, मुरलीधर शर्मा, जसमल खान ,अशरफखान, योगेश शर्मा, अनिल चुग,सुभान खान, संजय शुक्ला, बच्चू सिंह, रामकिशन जाजोरिया, रामराज मीणा, कुलदीप माथुर, अशोक सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

# अंता में अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई

## खनिज विभाग ने की बड़ी कार्यवाही,एक पोकलैंड हाइड्रोलिक मशीन,एक डंपर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता विधानसभा क्षेत्र में अवैध खननकर्ताओं का एक बड़ा नेटवर्क फल-फूल रहा है, जिसमें कुछ सफेदपोश नेता भी शामिल हैं। अवैध खनन का यह काम मिट्टी, पत्थर, बजरी, और ईंट भट्टा मालिकों द्वारा सरकारी भूमि पर जेसीबी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। अंता रोड पर बड़े-बड़े मिट्टी के ढेर लगाए गए हैं, लेकिन प्रशासन और अधिकारियों की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद भी अंता, कालीसिंध नदी, परवन नदी, पालयथा, खान की झोपड़ियां, नागदा, रायपुरिया, सीसवाली, खाड़ी नदी की तलहटी से अवैध बजरी, पत्थर और मिट्टी का खनन किया जा रहा है। स्थानिय प्रशासन की मिलीभगत के कारण अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफियाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों को बांट रखा है और जेसीबी मशीनों तथा दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों द्वारा खनन किया जा रहा है। बालदड़ा, सीसवाली, भैरुपुरा, छत्रपुरा, पापडली जैसे स्थानों से खाड़ी नदी की तलहटी से अवैध खनन किया जा रहा है। प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है और अवैध खनन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई :** बारां जिले के अंता क्षेत्र के बालदड़ा गांव में 27 दिसंबर को खनन विभाग की कोटा और बारां की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान एक पोकलैंड हाइड्रोलिक मशीन और एक डंपर जब्त किया गया, जबकि देवपुरा में एक ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। इन वाहनों को अंता थाने में खड़ा किया गया।

**खबर का असर :** कालीसिंध नदी से अवैध बजरी, पत्थर खनन कर परिवहन करने के चलते बालदड़ा गांव के ग्रामीणों ने परेशान होकर ग्रामीणों ने पीड़ा जताई बालदड़ा गांव के ग्रामीणो ने बताया कि इस क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध बजरी का खनन किया जाता है। कई बार खनन विभाग को सूचना दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। रात व दिन में गांव के मध्य से होकर ट्रैक्टर ट्रॉलियां गुजरती रहती है। इस कारण पूर्व में भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। वही रात ब्लास्ट की आवाज डंपर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की घरघराहट से नींद भी नहीं आती है । ग्रामीणों ने संवाददाता को अवगत कराया। जनहित को देखते हुए अवैध खनन की खबर प्रकाशित की गई। बालदड़ा कालीसिंध नदी के आसपास क्षेत्र से बड़े पैमाने करने पर अवैध खनन हो रहा था नदी का रास्ता जाम होने पर ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध खनन की रोकथाम के लिए कई बार सूचना दी गई लेकिन अवैध खनन का कार्य प्रभावशाली लोगों द्वारा किया जा रहा था खबर प्रकाशित होने पर जिला कलक्टर के निर्देश पर खनन विभाग की कोटा, बारां संयुक्त टीम कोटा से खनिज कार्य निदेशक पीएल मीणा द्वितीय अंशुमन मीणा, संयुक्त कार्रवाई की गई ।






# खाद्य एवं किराना व्यापार संघ का स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** खाद्य एवं किराना व्यापार संघ का स्नेह मिलन समारोह शुक्रवार रात्रि को अग्रवाल धर्मशाला में सम्पन्न हुआ जिसमें व्यापारियों हितों की चर्चा की गई साथ ही सर्व सम्मति से पवन पिछोलिया को पुनः अध्यक्ष चुना गया। समारोह में अथिति के रूप में किराना व्यापार संघ के संरक्षक हंसराज जैन,व्यापार महासंघ संयोजक दिलीप जैन,पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल,परामर्शदाता सुरेश जैन,अशोक पोरवाल,वरिष्ठ व्यापारी प्रकाश चंद्र जैन,जयप्रकाश अग्रवाल रहे,समारोह में व्यापारिक चर्चा की गई साथ ही ऑनलाइन व्यापार पर चिंता व्यक्त की गई किराना व्यापार संघ अध्यक्ष ने कहा ऑनलाइन व्यापार से कस्बे का व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो रहा है उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कोई भी व्यापारी व उसका परिवार ऑनलाइन खरीदी नहीं करे ,सभी व्यापारियों ने ऑनलाइन खरीदी नहीं करने की शपथ ली,व्यापार महासंघ संयोजक दिलीप जैन सभी को शपथ दिलाई साथ ही चौमहला कस्बे को साफ सुथरा रखने की भी शपथ ली ,अमित अग्रवाल ने सभी को कस्बा साफ सुथरा रखने की शपथ दिलाई, समारोह में पवन पिछोलिया को पुनः सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया,पवन पिछिलिया के पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर व्यापारियों द्वारा सम्मान किया गया। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन,किराना व्यापार संघ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ,प्रेस सलाहकार अमित अग्रवाल कपड़ा व्यवसाय संघ अध्यक्ष पारस कटारिया,रेडिमेड व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र कालरा,बर्तन व्यवसाय संघ अध्यक्ष विनोद जैन,फुटवेयर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश तिवारी,हार्डवेयर व्यापार संघ अध्यक्ष मकसूद अली बोहरा,मोबाइल संघ अध्यक्ष प्रमोद मोदी,इलेक्ट्रॉनिक व्यापार संघ अध्यक्ष किशोर गुप्ता,सराफा व्यापार संघ अध्यक्ष हरिनारायण सोनी, ई मित्र संघ अध्यक्ष आदित्य कटारिया,होटल व्यवसाय संघ अध्यक्ष राजेश जैन पान व्यवसाय संघ अध्यक्ष मनोज तिवारी,जनरल स्टोर संघ अध्यक्ष राजेंद्र नीमा,सहित किराना व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित अग्रवाल ने किया।

# नगर निकायों में प्रतिनियुक्ति और संविदा पर पदों पर भर्ती

## बारां जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया विरोध, ज्ञापन सौपा

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** स्वायत्त शासन विभाग द्वारा नगर निकायों में प्रतिनियुक्ति और संविदा पर विभिन्न सेवा संवर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियुक्ति के आदेश का राजस्थान नगर पालिका प्रशासनिक सेवा परिषद एवं नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन व नगर पालिका तकनीकी सेवा एसोसिएशन द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है। मुख्यमंत्री के नाम बारां जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित कार्मिकों को भी प्रतिनियुक्ति और संविदा के मार्फत से भर्ती की जा रही है। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को नगर पालिका अधिनियम एवं निकायों से संबंधित अन्य नियमों विनियमों की जानकारी होती है। दूसरे विभागों में कार्यरत कार्मिक इन नियमों के जानकर नहीं होते नगर निकायों में प्रतिनियुक्ति से अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य सरकार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव के साथ साथ नगरीय निकायों की स्थिति और भी दयनीय हो जायगी। ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिनियुक्ति संबंधी सरकार के पूर्व अनुभव ठीक नहीं रहे है। उदाहरणार्थ नव सरकार गठन होते ही जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्ति, संविदा के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को हटाया गया है। पूर्व में पंचायत समितियों में विकास अधिकारियों के पद प्रतिनियुक्ति पर भरे जाते थे, जिनका अनुभव भी ठीक नहीं रहा। इसी कारण राज्य सरकार को विकास अधिकारी पद के लिये राजस्थान ग्रामीण विकास सेवा के नाम से एक स्टेट कैडर गठन की आवश्यकता पड़ीं। निकाय में भी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सहित नगर पालिका के अन्य तकनीकी अधिकारियों का एक मजबूत प्रशासनिक तकनीकी कैडर बनाया जाये। जिससे नगरीय निकायों में गुड गवर्नेस की स्थापना हो सकें। ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि मार्च 2025 में इन पदों की भर्ती की परीक्षा आरपीएससी द्वारा प्रस्तावित है। तब तक पास की निकायों के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार या तहसीलदार/एसडीएम को कार्यभार देकर के काम चलाया जा सकता है। आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी द्वितीय, तृतीय एवं एक्सईएन, एईएन, एटीपी, यू डीसी ओ ए के पदों को पदोन्नति द्वारा भी भरा जा सकता है जोकि काफी समय से लम्बित हैं।ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रमुख बारां नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता भुवनेश मीना, नगर पालिका अंता के अधिशासी अधिकारी अभय कुमार मीणा,नगर पालिका मांगरोल के अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर, सहायक अभियंता मांगरोल भावेश रजक, नगर परिषद बारां के कनिष्ठ अभियंता मानसिंह मीणा और नगर अंता के कनिष्ठ अभियंता मनीष मालव सहित अन्य नगर निकायों के कर्मचारी मौजूद रहे।



# डग मे प्राकृतिक आपदा के कहर से उजड़ा आशियाना, तेज हवाओं व बारिश में उड़े घर के टिन-टप्पर

## पंचायत समिति सदस्य व समाज सेवी बने मसीहा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले डग -कस्बे सहित क्षेत्रभर मे प्राकृतिक आपदा मावठ की बारिश व तेज हवाओं ने किसानो सहित कई लोगो की कमर तोड़ दी । फसलों सहित बड़े बड़े वृक्ष धाराशाई हो गए ऐसे मे हनुमानजी के मंदिर के टावर के पास स्थित राजू बाई के मकान के टीन शेड भी उड़ गए जिसमे राजु बाई के बहु के पैर मे मामूली चोट आई और राशन सामग्री पानी मे पूरी तरह भीग गया। गनीमत रही की कोई जनहानी नहीं हुई गरीब परिवार पर हुवे वज्रपात व संकट की घड़ी में संवेदना का परिचय देते हुए समाज सेवी चंदनमल जैन ने पीड़ितो को अपने घर मे आश्रय दिया । सूचना पाकर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अजय नागर घटना स्थल पर मसीहा बनकर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान की और पंचायत समिति सदस्य अजय नागर ने आर्थिक राहत के रुप मे पांच हजार रूपये की सहायता प्रदान की ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक व मानसिक राहत मिल सके जिस दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अजय नागर, समाजसेवी आबिद खान, सलमान खान, अली मोहम्मद, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता राजु बाई मौजूद रहे बेवा राजु बाई व पुत्र नागुलाल वर्मा ने सभी का आभार जताया।



# पंजाबी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी

## लोहड़ी रक्तदान शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने बताया कि शनिवार 28 दिसंबर को पंजाबी धर्मशाला में लोहड़ी को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया कि 13 जनवरी सोमवार को पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। पंजाबी समाज द्वारा शोभायात्रा भी निकाली जाएगी महिला एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे समाज का सामूहिक भोज भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में रामलाल मलिक अशोक ऐलामादी सचिव जगदीश छाबड़ा पंडित गुलशन शर्मा मोहन मणिक दिनेश छाबड़ा दिनेश वधवा कमल अरोड़ा विजय अरोड़ा विनय गुलाटी जीतू छाबड़ा संजय छाबड़ा रोहित वधवा धनु वधवा नीरज कक्कड़ जीत अरोड़ा मनोज छाबड़ा अभिषेक मलिक चंद्रप्रकाश मालिक सनी छाबड़ा अंकित वधवा एवं समाज की कई महिलाएं मौजूद थी।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा सुशासन दिवस सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में सुशासन दिवस सप्ताह के तहत युवा-संवाद, संगोष्ठी व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन में शहर के सैकड़ो युवा प्रतिभागियों ने भाग लेकर सुशासन के विषय में विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बूंदी खेलकूद विकास समिति के शक्ति तोषनीवाल, वरिष्ठ शिक्षाविद् राधेश्याम गुर्जर, छात्रसंघ महासचिव देवेश कलोसिया, युवा स्वयंसेवक रोहन गुर्जर, मज़हर अंसारी रहे। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने युवाओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि वाजपेयी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्हें उनके राजनैतिक कौशल, काव्यात्मक अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उनकी जयंती को इस सुशासन से जोड़कर सरकार, नागरिकों और सार्वजनिक अधिकारियों को बेहतर शासन के उच्च मानकों की ओर प्रेरित करना चाहती है। अध्यक्षता कर रहे गुर्जर ने अटल बिहारी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि कलोसिया ने वाजपेयी के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए सुशासन की शपथ दिलाई। संचालन एनएसओ जिला संयोजक शिखर पंचोली ने किया।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह, विजेता हुए पुरस्कृत :** कार्यक्रम संयोजक भूपेन्द्र योगी ने बताया कि अंत में रोचक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में सुशासन एवं वाजपेयी की जीवनी संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें हार्दिका राठौड़, अंकित गुर्जर, भोजराज गुर्जर, काजल, गणेश मीणा, सीमा नागर, कृष्ण गुर्जर, निशा मीणा विजेता रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मान प्रतीक देकर पुरस्कृत किया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को किया याद



# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमहला पर शनिवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ राजकुमार वाघेला ने बताया कि अस्पताल परिसर में आयोजित शिविर में 859 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाई देकर परामर्श दिया गया। शिविर में दन्त रोग,नेत्र रोग,आयुर्वेद एंव होम्योपैथिक विशेषज्ञ द्वारा मरीजो की जांच की साथ ही एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत बीपी, शुगर ,हाइपरटेंशन एवं ओरल कैंसर की जांच की व साथ ही ई केवाईसी कर आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी भी बनाई गई। गर्भवती महिलाओं की ए एन सी जांच टीकाकरण एवं मां वाउचर योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के निशुल्क सोनोग्राफी के लिए वाउचर का वितरण किए गए, टीवी रोगियों को निश्चय किट वितरित किए गए।इस दौरान शिविर में डॉ राजकुमार वाघेला,डॉ दिलीप मीणा,डॉ आदित्य पारकर, डॉ रामबाबू राठौर,डॉ प्रभाकर वैष्णव,डॉ हंसराज गुर्जर,डॉ प्रेमलता लोहार,बीपीएम धीरज जैन, रघुवीरशर्मा,सीनियर नर्सिंग ऑफ़िसर,रवि कुमार अग्रवाल, नर्सिंग ऑफ़िसर प्रहलाद प्रजापति ,जगदीश प्रसाद मेहर,नेत्र सहायक गोविंद राठौर दंत सहायक राधेश्याम मेघवाल, पीएचएस सुमन यादव,समस्त एएनएम, समस्त डीईओ, समस्त एलटी, समस्त एलए,समस्त एआरजी एंव समस्त आशा व समस्त मेडिकल स्टॉप उपस्थित रहे।



# लोकसभा स्पीकर और राज्य सरकार द्वारा नए वर्ष पर बूंदी के खिलाड़ियों की तोड़ी कमर : हरिमोहन शर्मा

## खेल संकुल का उपयोग करने के लिए जमा करवाना पड़ेगा शुल्क

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में खेल संकुल में आमजन मॉर्निंग वॉक से लेकर खिलाड़ी अपनी खेल की तैयारी करते हैं। मगर नए वर्ष से अब इस खेल संकुल में जाने के लिए हर महीने शुल्क देना होगा जिसकी निंदा करते हुए विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उनका युगवानुकूल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिभावान खिलाड़ियों को जिला स्तर राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने के उद्देश्य से खेल संकुल बनाया गया था और जब से अब तक निरंतर इस खेल संकुल का उपयोग नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक एवं जोगिंग करने वाले व्यायाम करने वाले एवं अन्य प्रतिभावान खिलाड़ी नियमित रूप से इस खेल संकुल में अपनी तैयारी करते आ रहे हैं! लेकिन नए वर्ष से नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक करने वाले, जोगिंग करने वाले, व्यायाम एवं सभी प्रतिभावान खिलाड़ी जो अपना अभ्यास करते हैं उन पर शुल्क लगा दिया गया है। अब शुल्क दिए बिना इस खेल संकुल में प्रवेश निषेध कर दिया। इससे खिलाड़ियों वी रोज व्यायाम करने जाने वालों के चेहरे पर उदासी झलक गई है। इसी प्रकार लगभग एक वर्ष पूर्व चुनावी लाभ लेने की दृष्टि से तरण ताल का उद्घाटन तो कर दिया था लेकिन ताला लगाकर आज दिन तक सुरक्षित रखा गया है जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। इस पर भी भारी शुल्क लगाने की योजनाएं चल रही है। अभी खेल संकुल पूर्णतया विकसित नहीं हुआ है फुटबॉल मैदान का निर्माण का कार्य अधूरा, इन डोर खेलो के मैदान का निर्माण भी नहीं हुआ, लाइट नहीं जलती है, चारों तरफ धूल के गुब्बारे उडते हैं। पूर्णतया प्रदूषण फैला हुआ है। ना रखरखाव है। पूर्णतया विकसित नहीं होने पर भी यह शुल्क लगा देना अनुचित और निंदनीय है इसकी में कड़े शब्दों में निंदा करता हूं । शर्मा ने राज्य सरकार से मांग करते हुवे कहा की जो समस्त शुल्क लगाया गया है उसको माफ किया जाए।



# आबकारी विभाग द्वारा नकली शराब की 67 पेटी की जप्त

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला आबकारी विभाग द्वारा नकली शराब पर रोकथाम लगाने को लेकर शनिवार को तालेड़ा उपखण्ड के अल्फा नगर के ढूढा का झोपड़ा में एक मकान में सूचना मिलने पर दबिश दी गई। जहां पर 67 पेटी नकली देशी शराब मिलने पर उसे जप्त किया गया। सभी देसी शराब के बोतल पर हॉलमार्क नहीं था। इसी अंदेशा होने को लेकर शिकायतन आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी 67 पेटी देशी शराब को जप्त कि गयी है ।वहीं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी बीएल मीणा बताया कि नकली शराब की रोकथाम को लेकर मुख्यालय से मिले निर्देश पर कार्रवाई की गई। जिस पर आबकारी सीआई अजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी और 67 पेटी नकली देशी शराब बिना हॉलमार्क की बोतल मिलना पाया गया । जिसे जप्त करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# प्रथम प्रयास में सीए बनने पर मृदुल माहेश्वरी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के प्रमुख टैक्स एडवोकेट महेंद्र माहेश्वरी के पुत्र मृदुल माहेश्वरी के प्रथम प्रयास में सीए बनने पर उसका स्वागत एवं सम्मान किया गया। टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ टैक्स एडवोकेट बी.सी.बाबेल ने बताया कि हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी सीए फाइनल परीक्षा नवंबर-2024 के परिणाम में मृदुल माहेश्वरी प्रथम प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने है।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते बदला मौसम : बारिश और अंधड़ से बिजली व्यवस्था हुई बाधित,नहीं हुई पेयजल सप्लाई

## रबी की फसल को फायदा, नहरों में सिचाई विभाग ने पानी किया बंद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पश्चिम विक्षोप के चलते बाड़ी उपखंड सहित ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को देर रात जमकर बारिश हुई है। ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को तेज एवं कड़ाके की सर्दी का एहसास हुआ है। वहीं बारिश के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है और पूरी रात बिजली नही आने से सुबह सवेरे लोगों को पेयजल सप्लाई नहीं मिल सकी है। ऐसे में लोग बारिश के बाद अब बिजली और पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार की शाम 07 बजे से पहले ठंडी हवाएं चली इसके बाद करीब 08 बजे से 09 बजे तक करीब घंटे तेज बरसात दर्ज की गई । इस बारिश से चारों ओर शहर में पानी भराव हो गया। नालों के अवरुद्ध होने से गंदा पानी सड़क पर भर गया। ऐसे में शहर के निचले इलाकों में पानी भराव होने से लोगों को समस्या पैदा हो गई।

तेज बारिश के कारण बिजली और पानी बिजली की सप्लाई बाधित हुई है। कई जगह फाल्ट होने से डिस्कॉम के कर्मचारी उसे दुरस्त करने में जुटे हुए हैं। शहर के कई इलाके पूरी रात अंधेरे में डूबे रहे। ऐसे में जलदाय विभाग को बिजली आपूर्ति नहीं मिल पाने के कारण सुबह पेयजल सप्लाई भी बाधित हो गई। सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजकुमार सिंघल ने बताया कि देर रात बाड़ी उपखंड सहित धौलपुर जिले में मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज हुई है। इस दौरान बाड़ी में 07 एमएम,बसेड़ी में 16 एमएम,धौलपुर में 06 एमएम,सैपऊ में 12 एमएम, तालाबशाही पर 06 एमएम और आगई बांध पर 14 एमएम बारिश दर्ज की गई है।





### तापमान में आई 5 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट

शुक्रवार की देर रात बदले मौसम की मिजाज के चलते तापमान में भी 05 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने शनिवार को भी बारिश होने की चेतावनी दी है।

### बारिश से खुश तो अव्यवस्थाओं से परेशान दिखे लोग

सर्दी के मौसम में बारिश होने से जहां फसलों के लिए फायदा होगा। वही किसान का सिंचाई में पैसा बचेगा लेकिन जरा सी बारिश होने पर शहर में बिजली आपूर्ति के बंद होने और पूरी रात आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान हैं। शहर के वरिष्ठ नागरिक राकेश शर्मा, सुरेश दीक्षित, भगवती प्रसाद, रमेश चंद्र, दिनेश कुमार आदि ने बताया कि शहर में जो बिजली व्यवस्था है वह तेज हवा के चलने या थोड़ी सी बारिश पर ही लड़खड़ा जाती है। जिसको सही करने में घंटा लग जाते हैं। अब पूरी रात से बिजली बंद पड़ी हुई है जिससे सुबह पानी की आपूर्ति भी नहीं हुई।

### किसानों के लिए वर्ष अमृत, नहरों से सप्लाई बंद

सर्दी में हुई बारिश मावठ के रूप में किसानों की फसल के लिए अमृत के समान वर्षी है। ओलावर्षि्ट नहीं होने से फसल खरावे का भी अंदेशा नहीं है। अच्छी बारिश के चलते क्षेत्र के बांधो से जो फसल सिंचाई के लिए जो नहरों में पानी छोड़ा जा रहा था उसे देर रात से बंद कर दिया गया है।

# मनरेगा कार्य को देखने पहुंचे पार्षदों के साथ मनरेगा कार्मिक ने की अभद्रता

## मनरेगा कार्मिक के दुर्व्यवहार को लेकर पार्षद हुए लामबंद, एसडीएम को ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर में शहरी मनरेगा कार्यों को लेकर जहां भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं पूरे मामले में मौके पर काम नहीं मिलने की लगातार शिकायत मिलने पर एसडीएम द्वारा भी शुक्रवार को मौका निरीक्षण किया गया है। जिसमें भारी अनियमितताए देखने को मिली है। वहीं दूसरी ओर अपने-अपने वार्ड में चल रहे मनरेगा के कार्यों को देखने पहुंचे पार्षदों के साथ अब मनरेगा कर्मचारी द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। उक्त मामले को लेकर नगर पालिका के पार्षद लामबंद हुए हैं और उन्होंने एसडीएम हेमंत कुमार को आरोपी मनरेगा कर्मचारी के खिलाफ ज्ञापन दिया है।

उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार को दिए ज्ञापन में पार्षद हजारीलाल,मंगल सिंह,वीरी सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके वार्डो में धनोरा रोड पर मनरेगा का कार्य चल रहा है। जिसको देखने और मौके पर मजदूरों की जानकारी लेने के लिए जब वे मौके पर पहुंचे तो 16 मजदूर कार्य करते मिले जबकि मस्टरोल में 40 मजदूरों के नाम दर्ज मिले। ऐसे में उन्होंने फोन पर मनरेगा कर्मचारी तनुज गहलोत से जब जानकारी चाहिए और मौके पर मजदूरों की संख्या कम बताई तो वह सीधे बदतमीजी पर उतराया और उसने पार्षदों से यहां तक कह दिया कि तुम होते कौन हो संख्या पूछने या कम देखने वाले। ऐसे में नाराज पार्षदों ने पूरे मामले को लेकर नगर पालिका के अन्य पार्षदों को जानकारी दी। जिन्होंने भी आरोपी कर्मचारियों से मामले में जानकारी चाहिए तो उनके साथ भी वैसा ही दुर्व्यवहार हुआ।

इस पर सभी पार्षद लामबंद हुए हैं और उन्होंने मनरेगा कर्मचारी तनुज गहलोत के खिलाफ मामले की जांच करने के लिए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के दौरान वार्ड पार्षद ठाकुर रुक्मपाल सिंह,हरिदेव शर्मा,जसवंत सिंह, कृष्णा हरदेनिया,हरिसिंह पहाड़िया,शैलेंद्र सोनी,मंगल सिंह, अनीता मीणा,गया प्रसाद कुशवाहा,सुदामा कंसल के साथ अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस थाने भी पहुंचा है मामला

वार्ड पार्षद वीर सिंह,हजारीलाल,मंगल सिंह ने बताया मनरेगा कर्मचारी तनुज गहलोत ने पार्षदों द्वारा मनरेगा कार्य की जांच करने और विवाद होने पर दबाब बनाने के लिए कुछ महिला मजदूरों के साथ पुलिस थाने में पार्षदों के खिलाफ महिलाओं से मामला दर्ज कराने के लिए पुलिस को रिपोर्ट दी है।

# धौलपुर जिला कलेक्टर ने सर्दी में निराश्रित पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए शुरू किया विशेष अभियान, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम कदम

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने एक नई पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य सर्दी से पीड़ित निराश्रित पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं तक पहुंचाना है। इस मुहिम के तहत, नगर परिषद, सिविल डिफेंस और एनएचएआई की टीम ने सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में भेजने का अभियान शुरू किया है। यह अभियान न केवल सर्दी से पशुओं की रक्षा करेगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक साबित होगा।

जिले में सर्दी के मौसम में निराश्रित पशुओं की स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर के नेतृत्व में नगर परिषद और एनएचएआई की टीम ने मिलकर हाईवे पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में भेजने का अभियान शुरू किया। यह अभियान शनिवार को उस समय शुरू हुआ, जब कलक्टर ने स्वयं सड़क पर घूम रही गायों को गौशाला पहुंचाया। जिला कलक्टर ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सर्दी के मौसम में सड़क पर निराश्रित पशुओं के लिए सुरक्षित ठिकाने की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है।

साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों पर इन निराश्रित पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर घूम रहे इन पशुओं को गौशालाओं में भेजना है, जहां वे ठंड से बच सकें और उनके लिए उचित देखभाल की जा सके। इसके अलावा, इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे इस मुहिम को गति दें और हर सड़क पर निराश्रित पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान एक तरह से पशुओं की रक्षा के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि सभा

## देश ने खोया एक कुशल अर्थशास्त्री, स्मारक बनाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं कुशल अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शनिवार को शहर के सब्जी मंडी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने बताया कि आज देश ने अपना एक कुशल अर्थशास्त्री और राजनीति का धुरंधर पूर्व मनमोहन खो दिया है। उन्होंने देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जब पूरी दुनिया मैं मंदी छाई हुई थी उस समय पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने भारत में इसे हावी नहीं होने दिया। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर सभी कांग्रेसियों द्वारा पुष्प अर्पित किए गए और मौन धारण कर ईश्वर से उन्हें निज चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद और बुजुर्ग कांग्रेसी राजकुमार भारद्वाज ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह मन को मोहने वाले एक कुशल नेता थे। आज पक्ष हो या विपक्ष,हर कोई उनके गुणों के बारे में उनकी अच्छाइयों के बारे में तारीफ कर रहा है। देश की मोदी सरकार को चाहिए कि उनके स्मारक के लिए जल्द से जल्द स्थान सुनिश्चित करें। आज पूर्व पीएम हमारे बीच में नहीं है। ऐसे में हमें उनके द्वारा जो देश हित में कार्य किए गए,उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में पार्षद हरिसिंह पहाड़िया,जिला महिला सेवादल प्रभारी रोशनी शिवहरे,पंचायत समिति सदस्य केशव मीणा,वरिष्ठ कांग्रेसी रामसेवक अजर,लज्जाराम कोली, यंग ग्रेड के जिला सेवादल प्रभारी सोनू यादव,पूर्व पार्षद एलएस यादव,महेंद्र सिंह परमार,मनरूप मीना,बच्चू सिंह यादव,हरिओम भंडारी,सेवादल जिला महिला अध्यक्ष शबनम खान,सेवादल जिला उपाध्यक्ष अनिल अरेला,योगेश अग्रवाल,एडवोकेट राकेश अजर, मनीष मंगल,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष महादेव मीना,अजय मीणा,अभिषेक यादव,ध्रुव शुक्ल,राजेश पायलट किसान संगठन के रामचरण कुशवाहा,गोपेश शर्मा,प्रमोद मीणा,ऋषि कपरेला,राजू शर्मा,गजेंद्र गोस्वामी,अंसार खान, पंकज कुशवाहा,पप्पू सोलंकी,महावीर गौड़,मंगल सिंह कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शहर में जारी है अन्नकूट महोत्सव का दौर, शनिवार को तीन जगह आयोजन

# किला फील्ड की माता, हथियापोर के रामचंद्र मंदिर और गायत्री कॉलोनी में आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** दीपावली की पड़वा गोवर्धन पूजा से शुरू हुए अन्नकूट महोत्सव का दौर बाड़ी शहर में लगातार जारी है। शनिवार को शहर में तीन स्थानों पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें किला फील्ड स्थित माता का मंदिर,हथियापोर के रामचंद्र मंदिर एवं तुलसी वन रोड गायत्री कॉलोनी स्थित माता मंदिर पर अन्नकूट की प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों में पहुंच अन्नकूट की प्रसादी पाई।

किला परिसर स्थित फील्ड की माता के मंदिर पर अन्नकूट आयोजन को लेकर राजेश यादव,ललितेश यादव,रवि यादव,पिंकू,गुड्डु,पप्पू आदि ने बताया कि हर वर्ष दीपावली के बाद सर्दी के दिनों में माता रानी के मंदिर पर अन्नकूट की प्रसादी का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में मातारानी को प्रसाद लगाने के बाद सभी लोगों को अन्नकूट की पंगत प्रसादी खिलाई जाती है। जिसका आयोजन आज किया गया है। वहीं दूसरी और शहर के हथियापोर स्थित रामचंद्र के मंदिर पर भी अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। हथियापोर निवासी अध्यापक अशोक बिधौलिया,डीडी सर,अश्वनी पाराशर,हरिओम पाराशर,प्रदीप गौड़ आदि ने बताया के भगवान रामचंद्र के मंदिर में अन्नकूट की प्रसादी का आज शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्र के मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं और लोगों ने शिरकत की एवं अन्नकूट की प्रसादी पाई।

**तुलसी वन की गायत्री कॉलोनी में भी आयोजन, माता को लगाया भोग :** शहर में तीसरा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन तुलसीवन रोड स्थित गायत्री कॉलोनी में किया गया। जहां माता रानी की आरती की गई और अन्नकूट की प्रसादी लगाई। गायत्री कॉलोनी निवासी हवाई कुंवर सेन,अजय शिवहरे,विजय, रामेश्वर आदि ने बताया की पंचायत समिति के ठीक पीछे गायत्री कॉलोनी में माता रानी का मंदिर है। इस मंदिर पर हर वर्ष अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें आज शनिवार को यह आयोजन हुआ। जिसमें तुलसी वन रोड की कई कॉलोनी के लोगों के साथ आसपास के कई मोहल्लों के लोगों ने शिरकत की।

# भीषण बारिश और अंधड़ के बाद प्रशासन की त्वरित मदद से 7 सदस्यीय परिवार को मिली राहत

## ग्राम लुहारी में बारिश और अंधड़ से ढहा कच्चा मकान, प्रशासन ने परिवार को सुरक्षित ठिकाने और भोजन की दी व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** बीती रात अचानक आई बारिश और अंधड़ के कारण ग्राम लुहारी में एक कच्चा मकान धराशाही हो गया, जिससे एक परिवार के 7 सदस्य, जिसमें चार छोटी बच्चियाँ भी शामिल हैं, प्रभावित हुए। इस दुखद घटना के बाद जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवार को सहायता प्रदान की। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर प्रशासन ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर ठहराने का प्रबंध किया। प्रशासन ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुहारी के भवन में परिवार के सभी सात



सदस्यों के लिए ठहरने की व्यवस्था की। इसके अलावा, प्रभावित परिवार को भोजन एवं आवश्यक राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। प्रशासन की त्वरित मदद से प्रभावित परिवार को कुछ राहत मिली, और उन्हें अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर आश्रय मिला। इस मौके पर ग्राम पंचायत और स्थानीय अधिकारियों ने राहत कार्य में प्रशासन का सहयोग किया और प्रभावित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा तीन दिवसीय हरि कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा तीन दिवसीय हरि कथा का आयोजन दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की असीम अनुकंपा से करवाया जा रहा है। शनिवार को तृतीय दिवस दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी विदुषी विनीता भारती जी ने बताया कि ये मानव तन बहुत ही भाग्य से मिलता है और ये मानव तन तभी सार्थक है, जब मानव के जीवन में पूर्ण गुरु आते है तब इस मानव तन को पाना सफल होता है। इसलिए हमारे ग्रंथों में भी भगवान श्री राम जी व श्री कृष्ण जी ने भी जब मानव तन को धारण किया तब उन्होंने भी पूर्ण गुरु को धारण कर इस मानव तन को सफल बनाया।

कहा भी जाता है – 'प्रातकाल उठ के रघुनाथा' मात पिता गुरु नद्यवहिं माथा' स्वयं भगवान श्री राम बताते है कि गुरु की शरण में जाने से ही सारी विद्याओं का ज्ञान मिल जाता है। जो इस लोक और परलोक में भी हमारी मदद करता है। श्री रामचरित मानस में भी आता है –गुरु ग्रह गए पढ़न रघुराई, अल्प काल विद्या सब पाई। संसार के किसी भी कार्य को करने के लिए उसे सीखना पड़ता है, जिसके लिए हम ऐसे गुरु की आवश्यकता होती है जो उस कार्य में निपुण हो। ठीक इसी प्रकार ऐसे जीवन में भी हमे इसे गुरु की आवश्यकता है जो हमें उस सत्ता से मिलवा दे जो इस सृष्टि को चला रहा है। जो इन नेत्रों से नहीं देखा जा सकता। उसके लिए दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। आरती में भी कहा गया –

**तुम हो एक आगोचर सबके प्राण पति, किस विधि मिलूं दया में तुमको में कुमति।।**

**जब ईश्वर का दर्शन मानव के घट के भीतर हो जाता है। तब उसके जीवन का मुख्य उद्देश्य पूरा हो जाता है।**

**अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम।**
**तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।**

**अर्थात जो चर अचर में व्याप्त परमात्मा का दर्शन करवादे उसी गुरु की शरण में जाना चाहिए। और इसी सच्ची कसौटी को जान कर मानव को गुरु को धारण करना चाहिए।**

# हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा आगुचा में प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ

## युवाओं के मजबूत भविष्य निर्माण हेतु अनूठी पहल

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** हिन्दुस्तान जिंक रामपुरा आगुचा माइंस द्वारा आगुचा क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से युवाओं को को विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी हेतु कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अनूठी पहल में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर रुझान दिखाया। योजना का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी गुलाबपुरा रोहित चैहान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिन्दुस्तान ज़िंक आगुचा क्लस्टर के आईबीयू सीईओ किशोर कुमार, सी एस आर हेड अभय गौतम, महेश स्कूल के ट्रस्टी केदार तोषनीवाल, ज़िंक कौशल केंद्र के मुखिया विपिन चावला एवं अनुष्का ग्रुप के निदेशक राजीव सुराणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को बैग, मासिक करेंट अफेयर्स पत्रिका अनुष्का टाइम्स का विरतरण किया गया। रोहित चैहान ने आगुचा क्षेत्र के युवाओं को संबोधित करते हुए विद्यार्थी जीवन में अथक परिश्रम की महत्वता बताई। उन्होंने अपने संसाधनहीन बचपन का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने केवल अथक परिश्रम को अपना लक्ष्य बनाया और कम अभाव में व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता हैं और इस व्यक्तित्व के कारण ही वह जीवन की ऊंचाइयों को छू सकता है। किशोर कुमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी सफल होने के लिए अपनी समाहार शक्ति का प्रयोग करें और इसी से आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। अभय गौतम ने विद्यार्थियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अथक प्रयास करके सफलता प्राप्त करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अनुष्का ग्रुप के निदेशक राजीव सुराणा ने कहा कि 4 माह तक संचालित यह योजना रामपुरा आगुचा क्षेत्र के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर हैं और सभी विद्यार्थियो को यह विश्वास जताया कि अग्रिम कक्षाओं को भी इससे अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ चलाया जाएगा। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक रामपुरा आगुचा परिधि क्षेत्र से 180 से ज्यादा युवा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का ग्रुप से प्रणय जैन ने किया।

# खुले एवं परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित

## जिले में खुला या परित्यक्त बोरवेल, ट्यूबवेल पाए जाने पर होगी कार्यवाही, जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार प्रदेश में बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओं की पुनरावृत्ति जिले में न हो इस हेतु होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि खुले एवं परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए जिले में या ग्रामीण क्षेत्रों में आस-पास किसी भी स्थल पर कोई खुला या परित्यक्त (ड्डड्ढस्त्रश्ठ्ठद्गस्त्र) बोरवेल अथवा ट्यूबवेल दिखाई दे तो मौके के फोटोग्राफ मय स्थान का विवरण जैसे गांव/स्थान, तहसील थाना क्षेत्र का नाम एवं जिला अंकित करते हुए तुरन्त जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नंबर 01482-232671 तथा राज्य स्तर पर 0141-2759903 तथा सीयूजी नंबर (वाट्सअप नम्बर) मोबाईल नंबर 87648-73114 हेल्पलाइन नम्बरों पर सूचना देवें। जिले के समस्त क्षेत्रों में खुले बोरवेल एवं खुले कुओं की आवश्यकता नहीं होने पर तुरन्त खुले बोरवेल एवं खुले कुओं को बंद नही कराने वाले मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर इस पर होने वाले समस्त व्यय की वसूली करने के जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले में ऐसी घटनाएं न हो, इस संबंध में निरन्तर हो रही दुर्घटनाओं को मध्यनजर रखते हुए अपने अधीन प्रत्येक ग्राम पंचायत, पटवारी, तहसीलदार, नगरीय निकायों को पाबन्द करते हुए परित्यक्त बोरवेल/ ट्यूबवेल व खुले कुओं को बंद कराने की ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करावें कि भविष्य में खोदे जाने वाले बोरवेल/ट्यूबवेल किसी भी स्थिति में खुले नहीं रहे।

# क्या कपासन में स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल का विकास होगा ?

## कांग्रेस नेता के वार्ड में समाधि स्थल के विकास हेतु नगर कांग्रेस कमेटी ने भी सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के निर्वाचित क्षेत्र में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल के विकास का मुद्दा एक बार पुनः जनता जनार्दन एवं राजनीतिक गलियारों की चर्चाओं में छाया है। यहां विगत समय से नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद कन्या देवी सोनी के निर्वाचित वार्ड सं. 6 में स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का समाधि स्थल स्थित है। जिसके विकास को लेकर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी का कार्यकाल इनके प्रतिनिधि पूर्व नगर पालिका पार्षद राजीव सोनी की अगुवाई में कार्यकाल के अंतिम दौर तक पहुंच गये ।मगर स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि के हालात नहीं सुधर पाये।

गौरतलब है कि विगत समय से स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल की दुर्दशा क्षेत्रीय आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में रोष के साथ चर्चा में रही। जिसमे उक्त नेता के कार्यकाल में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार का कार्यकाल गुजर गया।हालात नहीं सुधरे तथा समाधि स्थल की दुर्दशा बनी रही आदि चर्चाओं का दौर बना रहा।साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ की खरीखोटी का भी सामना करना पड़ा।

इसके उपरांत जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में बढ़ती फजीहत की हड़बड़ाहट में नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष के प्रतिनिधि द्वारा आनन-फानन में स्वतंत्रता सेनानी के समाधि स्थल पर रंगरोगन का कार्य नगर पालिका कपासन के बैनर तले कराया गया।जिसमे भी समाधि स्थल पर स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का नाम इंगित करना भूल गये।इसके बाद स्वतंत्रता सेनानी स्व. भवानीशंकर नंदवाना की पुण्यतिथि से एक दिवस पूर्व समाधि स्थल पर नाम इंगित हुआ एक फ्लेक्स समाधि स्थल पर लग गया।

इधर अब नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वतंत्रता सेनानी एवं कपासन के विकास पुरुष,पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल के सर्वांगीण विकास को लेकर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमे समाधि स्थल पर विद्युत व्यवस्था,नियमित साफ-सफाई आदि मांगो के साथ ज्ञापन सौंपा गया।यहां कांग्रेस समर्थित नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के वार्ड में स्थित उक्त समाधि स्थल के विकास हेतु नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने मोर्चा संभालते हुवे ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस समर्थित नेता प्रतिपक्ष के वार्ड में स्थित स्वतंत्रता सेनानी के समाधि स्थल के विकास हेतु नगर कांग्रेस कमेटी कपासन भी संघर्षरत होने से जनता जनार्दन एवं राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर परवान पर है कि क्या कपासन में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल का विकास होगा ?



# जिला प्रशासन व खनिज विभाग ने 150 टन अवैध बजरी के स्टॉक को किया जब्त

## खनिज विभाग द्वारा 10 गुणा राशि अनुसार 87500 रुपए की पेनल्टी लगाई

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खडगावत द्वारा पूर्व में ही उपखंड अधिकारियों, खनिज विभाग व पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल का गठन कर अवैध अतिक्रमण, खनन व परिवहन को सख्ती से रोकने के हेतु निर्देशित किया गया था। इसी के तहत उपखंड अधिकारी श्री गौरव बुढ़ानिया के नेतृत्व में खनिज व राजस्व विभाग द्वारा देवरी माताजी के नजदीक बजरी के अवैध स्टॉक की सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई करते हुए स्टॉक वाले स्थान पर छापा मारा गया। जांच करने पर खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बजरी का 3 अलग-अलग ढेरियों में लगभग 150 टन बजरी का बगैर किसी अनुमति के अवैध स्टॉक करना पाया गया। जिसके तहत खनिज विभाग के अधिकारियों ने गणना करते हुए 10 गुना राशि का जुर्माना लगाकर 87500 रुपए की पेनल्टी लगाई वह अवैध बजरी के स्टॉक को जब्त करने की कार्रवाई की गई। जांच करने पर पाया गया कि यह अवैध स्टॉक रायपुर तहसील के झाला की चौकी निवासी मुकेश पुत्र श्री किशोर सिंह रावत द्वारा किया गया है। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आगे भी शिकायत या सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए हैं। कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग के श्री जगदीश मेंहरावत, नायब तहसीलदार सहित प्रशासन व खनिज विभाग के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

# कारोबारी का अपहरण कर वसूली 25 लाख की फिरौती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामनगरिया थाना इलाके में एक कारोबारी का अपहरण कर 25 लाख रुपए की फिरौती वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़ित कारोबारी ने युवती सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जांच अधिकारी एएसआई सुरेन्द्र मीना ने बताया कि रामनगरिया के जगतपुरा निवासी 44 साल के कारोबारी ने मामला दर्ज करवाया कि करीब 4 महीने पहले उसकी रेशमा (बदला हुआ नाम) से जान-पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान दोस्ती होने पर मिलना-जुलना होने लगा। 23 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे जगतपुरा पुलिया के नीचे दोनों मिले। मिलने आने के बाद वह युवती उसकी कार में बैठ गई। बातचीत करते दोनों आगरा रोड की तरफ निकल गए। वापस लौटते समय रेशमा ने एक लड़के को कॉल किया। कॉल कर उसके साथ जबरदस्ती करने की बताकर लोकेशन भेज दी। जगतपुरा पुलिया के नीचे आने पर लड़के के आने पर रेशमा उसके साथ चली गई। इसके बाद जगतपुरा स्थित 7 नाइट होटल के सामने वह खरीदारी करने लगा। खरीददारी करने के बाद गाड़ी में बैठते ही तीन लड़के जबरन अंदर घुस गए। दो लड़कों ने उसको पकड़ लिया, तीसरे ने उसके ऊपर पिस्तौल तान दी। पिस्तौल के दम पर किडनैप कर बम्बई हॉस्पिटल की तरफ ले गए। रास्ते में हाथ बांधकर गाड़ी के पीछे की तरफ पटक दिया। अलवर ले जाकर उसके साथ गाड़ी में जमकर मारपीट की। उनमें से एक ने रेशमा से बात कर कहा कि तु थाने में मत जाना। हम इससे बातचीत कर रहे है। झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख रुपए मांगे। रुपए की व्यवस्था नहीं होने की कहने पर जमकर पीटा। जान से मारने के लिए उतारु होने पर परिचित-रिश्तेदारों से कैश दिलाने की हामी भर दी। अलवर में बंधक बनाकर रख। एक बदमाश जयपुर आकर घर से 15 लाख और परिचित से 10 लाख रुपए लेकर गया। बैंक अकाउंट से 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। उसके बाद गाड़ी के पास छोड़कर चले गए। बदमाश जाते समय गाड़ी की चाबी अपने साथ ले गए। दूसरी चाबी मंगवाकर गाड़ी लेकर वापस घर लौटकर मामला दर्ज करवाया।

एएसआई सुरेन्द्र मीना ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल करवाया है। उसके पैर-हाथ पर डंडे से पीटने के निशान भी हैं। सिर-आंख पर भी चोट लगी मिली है। इस मामले में कार्रवाई कर फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# गरीब बनकर सरकारी राशन लेने वाले सक्षम लोगों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही

## 31 जनवरी तक स्वेच्छा से नाम हटाने का मौका

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। गरीब परिवारों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में सक्षम होने के बावजूद नाम जुड़वाकर राशन लेने वाले व्यक्तियों को 'गिवअप' अभियान के तहत स्वेच्छा से अपना नाम हटा लेने के लिए 31 जनवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद ऐसे लोगों के खिलाफ पुरानी वसूली के साथ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

केकड़ी जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गिवअप अभियान चलाया है। अभियान का उद्देश्य अपात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ सही पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। उन्होनें कहा कि सक्षम व्यक्तियों के नाम हटने से योजना में सही पात्र व्यक्तियों को जोड़ा जा सकेगा और खाद्य सुरक्षा के लाभों का सही दिशा में उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में 18 परिवारों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर स्वेच्छा से अपने नाम इस योजना से हटवायें हैं।




### सक्षम व्यक्तियों से अपील

जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि गिव-अप अभियान के तहत आयकरदाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी कर्मचारी, अर्द्ध सरकारी कर्मचारी, स्वायत्त संस्थाओं में कर्मचारी एवं अधिकारी, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय एवं परिवार में किसी सदस्य के पास ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन जो जीविकोपार्जन में प्रयोग आता हो को छोड़कर, चार पहिया वाहन हो, वे निष्कासन सूची में सम्मिमलित है। इस प्रकार के सक्षम व्यक्तियों से अपील की जा रही है कि वे अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानदार के पास जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। स्वेच्छा से नाम हटाने का यह फॉर्म जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है।

### वसूली के साथ होगी कानूनी कार्यवाही

जिला रसद अधिकारी ने चेतावनी दी कि 31 जनवरी 2025 तक नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र अथवा सक्षम व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों से उनके द्वारा इस योजना में अब तक लिए गए खाद्यान्न की वसूली बाजार दर लगभग 27 रुपये किलो के हिसाब से की जाएगी, साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत पंजीकृत पात्र परिवारों को शत प्रतिशत केवाईसी, आधार सिडीग एंव एलपीजी आईडी मैपिंग करवानी होगी। सभी एनएफएसए पात्र लाभार्थियों को 31 दिसंबर 2024 तक ई केवाईसी करवाया जाना अनिवार्य है।

# जिला चिकित्सालय हेतु आवंटित भूमि की साफ सफाई व झाड़ी हटाने का किया कार्य

## भूमि का नापचोप कर जल्द ही आवेदन कर पट्टा लिया जाएगा

**ब्यावर, ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खडगावत ने नवगठित ब्यावर जिले के विकास के दृष्टिगत पूर्व में नरबदखेड़ा ग्राम में जिला चिकित्सालय हेतु 30 बीघा भूमि का आवंटन किया गया था। शनिवार को जिला अस्पताल के पीएमओ श्री सुरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में दल ने ग्राम नरबदखेड़ा में अस्पताल हेतु आवंटित भूमि की जेसीबी द्वारा साफ सफाई कार्य व झाड़ हटाने का कार्य किया गया। पीएमओ श्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर ने गत बैठक में नवीन भूमि आवंटन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को भूमि की साफ सफाई करने, नापचोप व पट्टे लेने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी के तहत जिला कलेक्टर के आदेशों की अनुपालना में विभाग द्वारा यह कार्य किया गया जिससे कि जमीन का नापचोप कर कब्जा लेने की कार्रवाई की जा सके । उन्होंने बताया कि जल्द ही पट्टे के लिए आवेदन कर पट्टा प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बजट प्राप्त होते ही त्वरित रूप से अस्पताल निर्माण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस दौरान चिकित्सक श्री कपिलनाथ देवड़ा व श्री मुकेश भगवत, सीनियर नर्सिंग अधिकारी श्री हनुमान लाल चौहान व श्री महिपाल कुमावत, नर्सिंग अधिकारी श्री अरविंद फुलवारी, राजस्व अधिकारी श्री लोकेश मीणा सहित अन्य दल मौजूद रहा।

# पुजारी के साथ दिनदहाड़े मारपीट कर नगदी लूट की वारदात को अंजाम दिया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित मिलन टॉकीज के पास बदमाशों ने भेरू जी के मंदिर में पुजारी के साथ दिनदहाड़े मारपीट कर नगदी लूट की वारदात को अंजाम दिया है । मंदिर में पुजारी मदन चेचानी निवासी संजय कॉलोनी भीलवाड़ा मंदिर की सेवा कर रहे थे इसी दौरान दो बदमाश विशाल पूरी और अप्पू भांभी आए जिन्होंने शराब पी रखी थी और मंदिर में पुजारी से शराब का पैसा मांगने लगे इस पर पुजारी द्वारा मना करने पर पुजारी के साथ मारपीट का तोड़ फोड़ की घटना को अंजाम दिया । मंदिर में हंगामा और तोड़ फोड़ की आवाज होने पर आस पास मौजूद लोग मंदिर में पहुंचे जहां से बदमाश कुछ नगदी लेकर भाग गए । वहां मौजूद लोगों ने पुजारी को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।





# दुरुपयोग किये जा रहे 13 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त रसद विभाग ने खवास में की छापामार कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों की अनुपालना में घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक कार्यों में दुरूपयोग एवं वाहनों में अवैध रिफिलिंग को रोकने के लिए जिला रसद विभाग द्वारा विभिन्न जगहों पर छापेमार कार्रवाई की गई।

जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन स्टॉफ की टीम द्वारा जिले के खवास गांव में गोपाल प्रजापत एवं दिलखुश रेगर के यहां से बीपीएल के 13 घरेलू गैस सिलेण्डर, एक इलेक्ट्रिक मोटर, गैस भरने का संयंत्र, पाईप आदि जब्त किये गये। जब्त सामग्री को सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स शिव भारत गैस ग्रामीण वितरक कादेडा के प्रोपराइटर सुरेश कुमार शर्मा को सुपुर्दगी में दिया गया। उन्होनें बताया कि दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।



# परेशानी : गांव लखनपुर के मुख्य सड़क मार्ग पर भरा कीचड़ व पानी

## आम लोगों का निकलना हुआ मुश्किल



बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** गांव लखनपुर जो ग्राम पंचायत का मुख्यालय भी है पर जाने के लिए उपखंड मुख्यालय वैर से सड़क मार्ग बना हुआ है। गांव के समीप लगभग एक किलोमीटर सड़क मार्ग पानी एवं कीचड़ से भरा हुआ है तथा सड़क मार्ग लगभग खराब हो चुका है जिसमें होकर आम लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। गांव लखनपुर के निवासी शिक्षाविद बृजेश कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि विद्यालय को जाने वाले बालक बालिकाएं भी इस रास्ते से बहुत परेशान है। सड़क मार्ग पर भरे पानी से गड्ढे हो गए हैं जिनमें पत्थर पड़े हुए हैं जिससे टकराकर लोग चोटिल हो जाते है। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आने वाले अधिकारी गण भी इसी रास्ते में होकर आते जाते हैं इसके बावजूद भी उनका ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आज तक नहीं गया है। इस समस्या से निजात पाने के लिए एक प्रार्थना पत्र विकास अधिकारी पंचायत समिति वैर को दिया गया था जिसमें आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई शिक्षाविद श्रोत्रिय ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के मुखिया सरपंच से भी इस रास्ते को ठीक कराने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की । उन्होंने सुझाव दिया कि यदि रास्ते को सीसी रोड में बनबा दिया जाए तो जनता को बहुत राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि रास्ते की निशानदेही होने के बाद नाला बनाया जाएगा। निशानदेही के लिए प्रार्थना पत्र तहसील में लगभग 2 महीने पूर्व दिया जा चुका है फसल कटने के बाद ही निशानदेही होगी।

# श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर जयपुर के विथ नियंत्रक एवं भू-संपति अधिकारियों ने किया अवलोकन

## कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा में जो व चना की फसल व सिंचाई सिस्टम की सराहना की



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कृषि महाविद्यालय झिलाय के निर्माणाधीन भवन व कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा सिरोही का श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर जयपुर के विथ नियंत्रक एवं भू-संपति अधिकारी द्वारा आकस्मिक अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रामस्वरूप मीणा ने बताया कि श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबरनेर जयपुर के विथ नियंत्रक बीएल बंजारा, भू-संपति अधिकारी इंजिनियर लखबीरसिंह व कृषि विपणन बोर्ड टोंक अधिशाषी अभियंता रामरतन मीणा ने कृषि महाविद्यालय झिलाय के निर्माणाधीन भवन व कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा सिरोही का आकस्मिक अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भवन के निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए भवन का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा सिरोही पर जो व चना की फसल व सिंचाई सिस्टम, सिंचाई प्रणाली में पानी की आपूर्ति करने, वितरित करने व निकासी करने सहित कई तकनिकि का अवलोकन करके सराहना की। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय के कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा में लगभग 8 हेक्टर कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन भवन कम्पलिट होने पर इसी शिक्षा सत्र में कृषि महाविद्यालय संचालित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसी शिक्षा सत्र में नवीन भवन में कृषि महाविद्यालय शुरू किया जाएगा। कृषि महाविद्यालय भवन के साथ साथ बालिका छात्रावास, ब्वॉय छात्रावास, अनुसंधान केंद्र व कृषि वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहित कृषि पर विभिन्न रिर्सच सेंटर संचालित होंगे।

इस दौरान कृषि विपणन बोर्ड के सहायक अभियंता श्योजीलाल मीणा, कनिष्ट अभियंता मुकेशकुमार गुर्जर, फार्म प्रभारी राजेशकुमार, फार्म मैनेजर सत्यपालसिंह, डॉ. रामलाल मीणा, डॉ. भगवानसिंह धाकड व रामलाल मीणा सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

# सत्संग से ही मिलेंगे संस्कार - कृष्णाकान्त शास्त्री

## भगवान श्रीराम जानकी विवाह में उमड़े श्रद्धालु



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** हनुमान नगर की चल रही कथा में भगवान श्रीराम जानकी विवाह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पांडाल को गुबारों, फूल मालाओं व तोरण द्वार को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया एवं भगवान श्रीराम जानकी की भव्य झांकी सजाई गई। जिनके दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि ने व्यक्ति जब तक भगवान अनन्य भाव से भक्ति नहीं करेगा उसको सुख सुविधा की प्राप्ति नहीं होगी। युवाओ को प्रतिदिन सत्संग में जाना चाहिये तब ही संस्कार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है। इसलिए मृत्यु को शाश्वत सत्य कहा गया है। भोग व कामना की निवृत्ति से भक्ति प्रकट होती है और भक्ति जीव को ईश्वरीय प्रेम से मुक्ति की ओर ले जाती है। भक्ति के समक्ष वैराग्य व ज्ञान भी नतमस्तक होते हैं। भारतवर्ष में सैंकडों भक्तों ने अपनी प्रबल भक्ति से भगवान को प्रकट कर दर्शन किये हैं। इसलिए मनीषियों व ऋषियों ने पुराणों व ग्रंथों के माध्यम से भक्त व भगवान की महिमा गाई है। उन्होंने कहा कि साधक को साधनों का उपभोग छोडक़र साधना में लगना चाहिए। महाराज ने राम-भरत मिलाप की विवेचना करते हुए कहा कि भरत जैसे भाई से सीख लेकर मानव को सदैव भातृभाव को जाग्रत कर साम्प्रदायिक सद्भाव की अलख जगानी चाहिए। कथा में गोऋषि प्रकाशदास महाराज किवाड़ा ने सभी भक्तों से गौ सेवा करने का आह्वान किया। श्रीराम कथा रस महोत्सव के दौरान मानस के भजनों पर महिलाओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरान रामदरबार की महाआरती की गई। कथा में रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा, विनोद तिवाडी, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरण सिंह, विमल विजय, अशोक पारीक, सावरमल शर्मा, बन्नालाल चौधरी, सुरेश स्वामी, केदार जाट, बलवन्त सिंह, गिर्राज जाट, रामअवतार, हनुमान, मनोज जैन व दयाराम जाट सहित कई भक्त मौजूद थे।

# इंडियन रेडक्रास सोसायटी अलवर के सचिव डॉ रूप सिंह गुर्जर को ऑल इंडिया मेडीकल ऐसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय अवार्ड




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 27,28 दिसम्बर 2024 को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की हेदराबाद,तेलंगाना में 99 वीं आल इंडिया मेडिकल कांफ्रेंस में वर्ष 2023-24 के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए आई एम ए नेशनल प्रेसिडेंट्स एप्रीशियेशन अवार्ड से राजस्थान आईएम ए के उपाध्यक्ष , सिटी हॉस्पिटल, भिवाड़ी के निदेशक एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी अलवर शाखा के सचिव डॉ रूप सिंह गुर्जर को राष्ट्रीय अवार्ड प्रदान किया गया है। यह अवार्ड महामहिम राज्यपाल श्री विष्णु देव बर्मन , नेशनल प्रेसिडेंट आईएमए डॉ. आर.वी. अशोकन, आनरेरी सेक्रेटरी जनरल आईएमए तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किया गया है ।

दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को हैदराबाद में आयोजित, राष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल श्री विष्णु देव बर्मन द्वारा किया गया । 28 राज्यों के हजारों चिकित्सक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया ! मशहूर लीवर व आंत विशेषज्ञ डॉ नागेश्वर (चेयरमैन -ऐ आई जी संस्थान) भी कार्यक्रम में आदरणीय अतिथि के रूप में पधारे थे ।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं आई एम ए अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.मित्तल ने ख़ुशी जाहिर करते हुए बताया कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी अलवर शाखा एवं आई एम ए अलवर के लिए बहुत अभिमान की बात है कि पूरे भारतवर्ष में से डॉ रूप सिंह गुर्जर को 99 वीं आल इंडिया मेडिकल कांफ्रेंस में वर्ष 2023-24 के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए आई एम ए नेशनल प्रेसिडेंट्स एप्रीशियेशन अवार्ड के लिए चुना गया है डॉ. रूप सिंह ने अभी राजस्थान आईएम ए के उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए आईएमए के लिए बेहतरीन कार्य किये है जिससे इस अवार्ड के मिलने से पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ा है ।

# बयाना में ग्रामीणों की पंचायत : बंध बरैठा अभ्यारण क्षेत्र से बाहर निकालने की मांग, 10 दिन बाद कलेक्ट्रेट का घेराव की दी चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** तहसील के डांग क्षेत्र की आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उनके इलाके को बन्ध बारैठा वन्य जीव अभ्यारण्य से बाहर निकालने की मांग की है। इसे लेकर लोक देवता के स्थान बाजना चौक पर ग्रामीणों की पंचायत हुई।

पंचायत में ग्रामीणों ने कहा- वन विभाग द्वारा अभ्यारण क्षेत्र होने की आड़ में उनकी दैनिक गतिविधियों में बाधा डाली जा रही है। इससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। ग्रामीणों की पंचायत सूचना पर बाद में तहसीलदार विनोद कुमार मीणा और नायब तहसीलदार वैशाली धाकड़ सहित गढ़ी बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या सुनकर उसका समाधान कराए जाने के लिए उच्च अधिकारियों तक उनकी बात पहुंचाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर उनके इलाके को वन्य जीव अभ्यारण से मुक्त किए जाने की मांग की मांग पूरी नहीं होने पर 10 दिन के बाद जिला कलेक्ट्रेट भरतपुर पहुंचकर धरना प्रदर्शन और घेराव किए जाने की चेतावनी दी। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी जंगल में चरने जाने वाले उनके पशुओं को भगा देते हैं।

ग्रामीणों ने बताया-वर्षों से वे अपने मकान निर्माण के लिए पहाड़ियों से पत्थर, ईंधन के लिए लकड़ी आदि लाते रहे हैं, लेकिन अब वन विभाग के अधिकारी वन्य जीव अभ्यारण का हवाला देकर पत्थर लाने वाले उनके वाहनों को जब्त कर पेनल्टी लगा रहे हैं। इससे रोजाना ग्रामीणों और वन विभाग के बीच विवाद के मामले सामने आ रहे हैं।

उधर, वन विभाग से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि कुछ दबंग लोग फॉरेस्ट एरिया में अवैध खान चलाकर वन संपदा के रूप में सैंड स्टोन का खनन करते हैं। पंचायत करके प्रशासन पर नाजायज दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस संबंध में तहसीलदार विनोद कुमार मीणा ने बताया कि ग्रामीण फॉरेस्ट एरिया से अपने इलाके को बाहर कराई जाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दी गई है। फॉरेस्ट एरिया से नोटिफिकेशन का कार्य राज्य सरकार के स्तर से ही संभव है।

# ईआरसीपी एवं पीकेसी योजना की सफलता के लिए पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** पत्थर की टाल, भरतपुर स्थित, पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के निज निवास पर, श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राजस्थान सरकार द्वारा समाजवादी शताब्दी पुरस्कार से सम्मानित, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का माला, दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया 7 इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने पूर्वी राजस्थान के पानी की समस्या को लेकर जयपुर में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा ईआरसीपी और पीकेसी के उद्घाटन और घोषणा करने को लेकर राजस्थान की भजनलाल सरकार व केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है । विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने पंडित राम किशन जी के साथ-साथ उन सभी आंदोलनकारी का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस आंदोलन में अपना सहयोग दिया । इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वरीप्रसाद शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारी लाल शर्मा, एलआईसी के लालचन्द शर्मा,सेवानिवृत्त राजस्थान रोडवेज कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, समाजसेवी सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, समाजसेवी अशोक शर्मा सहित विभिन्न संगठनों के अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

# भरतपुर के लाल डॉक्टर अंकुश गर्ग ने एम्स की डॉक्टरेट ऑफ़ मेडिसिन एग्जाम में पूरे देश में प्रथम रैंक प्राप्त की

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** भरतपुर के लाल डॉक्टर अंकुश गर्ग ने एम्स द्वारा आयोजित डॉक्टरेट ऑफ़ मेडिसिन एग्जाम में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर भरतपुर जिले के साथ-साथ राजस्थान राज्य का नाम रोशन किया है द्य भरतपुर नवीन मंडी यार्ड व्यापार संघ प्रवक्ता इंजीनियर घमंडी सिंह ने बताया कि व्यापार संघ नवीन मंडी यार्ड भरतपुर के लक्ष्मीकांत गर्ग के पुत्र डॉक्टर अंकुश गर्ग ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस (ढ्ढढ्ढरूस्)द्वारा आयोजित डॉक्टरेट ऑफ़ मेडिसिन एग्जाम में प्रथम रैंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया द्य डॉक्टर अंकुश गर्ग ने एमबीबीएस दिल्ली,ढ्ढढ्ढरूस् से करने के बाद कठिन परिश्रम कर डॉक्टरेट ऑफ़ मेडिसिन एग्जाम में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर व्यापार संघ के पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया हर्ष करने वालों में नवीन मंडी यार्ड अध्यक्ष रघुवीर सिंह टुंडा नरेंद्र सिंघल कप्तानसिंह देसवाल इंजीनियर घमंडीसिंह मुकेश कुमार लक्ष्मीकांत गर्ग धनेशचंद अंकुर बिंदल अभय जैन रवि गजेंद्रसिंह मनीष बंसल महेश चंद दामोदर सोनू मोनू रामबाबू गिरीश पप्पू कामवन से रमेश बाबा बरसाने वालों के अनुयाई, यतेन्द्र गुलपाडिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया द्य

# गोपेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट प्रसादी महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** पौष के महीने में ब्रज क्षेत्र की संस्कृति के अनुरूप अन्नकूट महोत्सव के आयोजन लगातार हो रहे हैं। शनिवार को बयाना कस्बे के नगला स्टोर स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तमण्डल की ओर से फूल बंगला झांकी के साथ अन्नकूट प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर कढ़ी, बाजरा, खीर और मिक्स सब्जी की अन्नकूट प्रसादी श्रद्धा भाव से ग्रहण की।

आयोजन समिति से जुड़े सत्यप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सर्दी के मौसम में गर्म तासीर के व्यजनों युक्त अन्नकूट का विशेष धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व है। भोलेनाथ को अन्नकूट का भोग लगाने के साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है।

# हस्तशिल्पी बाबूलाल ने दिलाई बांस टोरड़ा गांव को मूतिकलां के क्षेत्र में प्रसिद्धि

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान कला व संस्कृति में परिपूर्ण है। यहां के एक कलाकार ने सदियों से अपनी कलां का पर्चम देश विदेश में लहराया है। राजस्थान का सवाई माधोपुर जिला भी बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकारों से ख्यात है। सवाई माधोपुर के बौंली खण्ड का गांव बांस टोरडा मूर्तिकला के लिए देश-विदेश में अपनी कला से प्रदेश का नाम रोशन कर रहा है। बांस टोरड़ा के करीब 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों की आजीविका का आधार संगमरमर (मार्बल) मूर्तियां बनाना है। बांस टोरड़ा गांव में मूर्तिकला की शुरूआत सन 1980 में श्रीराम निवास गौड ने आदि ब्राह्मण समाज को साथ लेकर की। पंडित रघुनाथ प्रसाद शर्मा ने उनके इस कार्य को आगे बढ़ाया। वर्तमान में बाबूलाल गौड यहां के प्रमुख मुर्तिकार है। जिन्होंने इस मूर्तिकला को न सिर्फ जीवन्त रखा हुआ है बल्कि अपने हाथों के हुनर से इस कलां को देश प्रदेश में नई पहचान दी है। बाबूलाल गौ ओनड़ बताते है कि उनके यहां देवी देवताओं में रामलला, भगवान शंकर, पार्वती, सीता-राम, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, गणेश जी, मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां काली, भगवान महावीर, भगवान बुद्ध आदि वहीं महापुरुषों में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, वहीं पशुओं में बाघ, चीता, हाथी, घोड़े, हिरण, पक्षियों में मोर, हंस आदि की मूर्तियां बनाने के साथ-साथ पार्टियों द्वारा दिए गए ऑर्डर पर भी मूर्ति बनाने का काम किया जाता है।

उन्होंने बताया कि बड़ी मूर्ति बनाने के लिए पहले आवश्यकता अनुसार पत्थर को छांटा जाता है और फिर शुरू होता है उसे धो-साफकर मूर्ति के रूप में गढ़ने का कार्य किया जाता है। पत्थर को 5 से 6 कारीगर मूर्ति का आकार देते है अलग-अलग व्यक्ति का अलग-अलग कार्य होता है। इन कारीगरों में पुरूष व महिला दोनो ही होते है, मूर्ति का आकार तैयार होने के बाद महिलाओं द्वारा पॉलिस व पेंटिंग का कार्य किया जाता है।

शिल्पी झिरी (दौसा), मकराना, (नागौर), भैंसलाना (जयपुर), चित्तौड़ अम्बाजी गुजरात, इटली तथा वियतनाम से भी कच्चा माल मंगाते है। अच्छी गुणवत्ता कम कीमत की मूर्तियां होने के कारण जयपुर सहित राज्य के अन्य जिलों तथा पड़ौसी राज्यों हरियाणा, पंजाब, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों में मूर्तियों की आपूर्ति ऑर्डर के अनुसार की जाती है।

मूर्तिकार बाबूलाल शर्मा को जिला कलक्टर सवाई माधोपुर द्वारा वर्ष 1995 में प्रशंसा पत्र, वर्ष 2003-4 में आयोजित जिला स्तरीय हस्तशिल्प प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एवं भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के अन्तर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) एम एण्ड एसईसी जयपुर राजस्थान द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने इंग्लैण्ड की प्रिंसेज डायना तक का स्टेच्यू ऑर्डर पर बनाकर इंग्लैण्ड भेजा है।

बाबूलाल बताते है कि यहां के मूर्तिकलाकारों की मुख्य समस्या स्थान, कच्चा माल के साथ-साथ उनके उत्पाद को उचित बाजार की उपलब्धता है। अगर केन्द्र व राज्य सरकार इस कलां को प्रोत्साहन दे तो यहां के कलाकार न सिर्फ इस कलां को जीवित कर पायेंगे बल्कि देश-विदेश में प्रदेश का नाम भी रोशन कर सकेंगे।



# एसएस राजामौली और महेश बाबू की 1,000 करोड़ी फिल्म से बाहर हुईं प्रियंका चोपड़ा







पिछले काफी समय से एसएस राजामौली और महेश बाबू अपनी अगली जगंल एडवेंचर फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा का नाम इस फिल्म के लिए तय हो चुका है, वहीं हाल ही में फिर प्रियंका की मौजूदगी को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई। 6 साल बाद प्रियंका की भारतीय सिनेमा में वापसी को लेकर उनके प्रशंसक बेहद उत्साहित थे, लेकिन अब खबर है कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

### प्रियंका से मिले ही नहीं राजामौली

एक करीबी सूत्र ने बताया, हम नहीं जानते कि यह खबर आई कहां से। यहां तक कि राजामौली ने तो प्रियंका से इस प्रोजेक्ट के लिए मुलाकात तक नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के दवा किया गया है कि राजामौली इस सिलसिले में अब तक प्रियंका से कई बार मुलाकात कर चुके हैं। महेश बाबू के अलावा इस फिल्म के लिए किसी कलाकार को साइन नहीं किया गया है।

### प्रियंका तो दूर-दूर तक लाइन में नहीं

राजामौली और उनके पिता (लेखक विजयेंद्र प्रसाद) पहले स्क्रिप्ट पर काम करना चाहते हैं। इसके बाद ही फिल्म से जुड़े बाकी कलाकारों का फैसला किया जाएगा और ये भी बता दें कि फिल्म के लिए प्रियंका के नाम पर दूर-दूर तक विचार नहीं किया जा रहा है। जब कोई फिल्म अपने शुरुआती चरण में होती है तो इस तरह की तमाम कहानियां बनती रहती हैं।

### प्रियंका को लेकर ऐसी थीं खबरें

रिपोर्ट्स में बताया गया था कि राजामौली को इस फिल्म के लिए एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत है, जो दुनियाभर में भारत का प्रतिनिधित्व कर सके और विदेशों में बेहद लोकप्रिय हो। लिहाजा राजामौली ने इसके लिए प्रियंका को चुना। कहा गया कि फिल्म पर बातचीत करने के लिए प्रियंका और राजामौली पिछले 6 महीने में कई बार मिल चुके हैं। खबर यह भी आई कि प्रियंका पहली बार राजामौली के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

### पिछली बार इस हिंदी फिल्म में नजर आई थीं प्रियंका

साल 2019 में फिल्म स्काई इज पिंक में प्रियंका ने मुख्य भूमिका निभाई थी। शोनाली बोस के निर्देशन में बनी इस फिल्म से प्रियंका बतौर सह-निर्माता भी जुड़ी थीं। रॉनी स्क्रूवाला और सिद्धार्थ रॉय कपूर इस फिल्म के निर्माता थे। फिल्म में प्रियंका के साथ फरहान अख्तर और जायरा वसीम भी नजर आई थीं। टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में भी यह फिल्म दिखाई

## सूरज बड़जात्या की फिल्म में नजर आ सकती हैं सारा अली खान, आयुष्मान खुराना होंगे हीरो ...

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्माता और निर्देशक सूरज बड़जात्या अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं, जिसमें दिग्गज अभिनेता आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह बड़जात्या और आयुष्मान के बीच पहला सहयोग होगा। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बड़जात्या और आयुष्मान की इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाने के लिए निर्माताओं ने जानी-मानी अभिनेत्री सारा अली खान से संपर्क किया है।

### तृप्ति डिमरी के नाम पर भी हो रहा विचार

मिड-डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़जात्या की अगली फिल्म में सारा नजर आ सकती हैं। उन्होंने फिल्म में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका के लिए सारा से संपर्क किया है। इसके अलावा निर्माता अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के नाम पर भी संपर्क कर रहे हैं। अगर बड़जात्या की फिल्म में आयुष्मार की जोड़ी सारा के साथ बनती है तो यह दोनों के बीच दूसरा सहयोग होगा। दोनों धर्मा प्रोडक्शंस की एक फिल्म पर काम कर रहे हैं।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा से जलते थे वरुण धवन! बोले- वो सुंदर दिखता था, मुझे लगता था फिल्म में सिर्फ उसका काम ही दिखेगा

वरुण धवन ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड डेब्यू किया था। अब हालिया इंटरव्यू में वरुण ने खुलासा किया है कि शूटिंग के दौरान वे सिद्धार्थ की पर्सनैलिटी से बहुत इनसिक्योर हो गए थे। उन्हें डर सताने लगा था कि वो खुद की पहचान बना पाएंगे या नहीं, लोगों को उनका काम दिखेगा कि नहीं। यूट्यूबर शुभंकर मित्रा को दिए इंटरव्यू में वरुण ने कहा- वह लंबा-चौड़ा था, अच्छा दिखता था और फिल्म में दो हीरो थे। उस समय मुझे लगा कि वह कमाल का है और हैंडसम दिखता है। इस वजह से लोग सिर्फ उसे ही देखेंगे। लोग मुझे नोटिस भी करेंगे या नहीं? क्या होगा अगर मेरा सपना सिर्फ सपना ही रह जाए? वरुण ने आगे कहा- इसके अलावा नेपोटिज्म को लेकर नेगेटिविटी भी उसी समय शुरू हुई थी। उस दौरान मैंने इंडस्ट्री में एंट्री लेने से पहले कुछ भी प्लानिंग नहीं की थी। मैं केवल इतना जानता था कि मैंने कड़ी मेहनत की है और मैं इसके लायक हूं। लेकिन लोग कुछ और कह रहे थे। मेरी शुरुआत आरामदायक नहीं रही है। बल्कि मुझे बहुत स्ट्रगल करना पड़ा है।

## कार्तिक आर्यन ने अनाउंस की नई फिल्म

### एक्टर ने भूल भुलैया 3 की सक्सेस के बाद चार्ज की तगड़ी फीस

करण जौहर ने कार्तिक आर्यन के साथ हाल ही में एक मूवी अनाउंस की है। दोनों साथ में रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का टाइटल तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने 50 करोड़ रुपए फीस चार्ज की है। सोशल मीडिया पर फिल्म की काफी चर्चा हो रही है।

**150 करोड़ है करण जौहर की फिल्म का बजट :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट 150 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस फिल्म को करण जौहर की कम्पनी धर्मा प्रोडक्शंस प्रोड्यूस कर रही है। वहीं इसे डायरेक्ट समीर विद्वांस कर रहे हैं।

**कार्तिक ने सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट :** कार्तिक ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'मम्मी की खाई हुई कसम, ये मम्मी का लड़का पूरी करके ही रहता है! अपने फेवरेट जॉनर रोमांटिक-कॉमेडी की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के लिए बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं। एक्टर ने आगे लिखा- ये फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में आने वाली सबसे बड़ी लव स्टोरी होगी।

**बैक टू बैक आएंगी कार्तिक की फिल्म :** फिल्म भूल भुलैया 3 की सक्सेस के बाद कार्तिक आर्यन की चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में कार्तिक आर्यन और संदीप मोदी की अनटाइटल्ड फिल्म, कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की अनटाइटल्ड फिल्म और फिल्म पति पत्नी और वो पार्ट 2 रिलीज हो सकती है। वहीं साल 2026 में करण जौहर और कार्तिक आर्यन की पहली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' आएगी।

**एक्टर ने चार्ज की है तगड़ी फीस :** माना ये भी जा रहा है कि भूल भूलैया 3 की सक्सेस के बाद कार्तिक की पौपुलैरिटी बढ़ गई है, जिसके कारण एक्टर ने धर्मा प्रोडक्शंस के साथ काम करने के लिए काफी फीस चार्ज की है। करण जौहर और कार्तिक आर्यन ने 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर फिल्म का ऐलान किया और टीजर शेयर किया।



# साल खत्म होते-होते फिल्म 'पुष्पा 2' की कमाई में आई गिरावट...

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 ने सबसे कम वक्त में सबसे अधिक कमाई का रेकॉर्ड बनाया है और बाहुबली 2 को देसी कमाई में पीछे छोड़ दिया है। अब तक लगभग 1595 करोड़ के करीब वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर चुकी इस फिल्म की कमाई शुक्रवार को सबसे कम रही। अब न्यू ईयर पर फिल्म को और बम्पर कमाई की जरूरत है ताकि दुनिया में झंडा गाड़ने वाली देश की दूसरी फिल्म बन सके।




**पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 23 :** अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 देश की सबसे धाकड़ फिल्म बन चुकी है। इस फिल्म ने सबसे कम वक्त में सबसे अधिक कमाई का शानदार रेकॉर्ड बनाया है। इसी के साथ फिल्म ने इंडिया नेट कलेक्शन के मामले में पिछले 7 साल से नंबर वन रही बाहुबली 2 को पछाड़कर नीचे ला खड़ा किया है। दिसंबर के शुरुआत में रिलीज हुई इस फिल्म के साथ ही साल का अंत होने जा रहा है। हालांकि, 23वें दिन फिल्म की रफ्तार थोड़ी धीमी हो गई जिसकी वजह न्यू ईयर की छुट्टियां भी हो सकती हैं। चौथे शुक्रवार को पुष्पा 2 ने अब तक की सबसे कम कमाई की है। पुष्पा 2 को वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में बाहुबली 2 को पछाड़ने के लिए अब भी करीब 200 करोड़ के कलेक्शन की जरूरत है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि न्यू ईयर पर ये फिल्म बम्पर कमाई करे। हालांकि, इस आंकड़े तक पहुंच पाना पुष्पा 2 के लिए बहुत आसान भी नहीं लग रहा है।

**फिल्म ने 23वें दिन काफी कम कमाई की है :** इस फिल्म ने 23वें दिन यानी चौथे शुक्रवार को 8.75 करोड़ रुपये की कमाई की। 23 दिनों मे ये पहली बार है जब फिल्म मे सिंगल डिजिट में कलेक्शन का आंकड़ा पेश किया है। हालांकि, कुल मिलाकर देसी बॉक्स ऑफिस पर अब तक ये करीब 1128.85 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है जो इंडिया नेट कलेक्शन के मामले में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

**पुष्पा 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन :** सुकुमार निर्देशित पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने 23 दिनों में 1595 करोड़ के आसपास कमाई कर ली है। इस फिल्म ने विदेशों में अब तक करीब 250 करोड़ से अधिक की कमाई कर डाली है। यहां बता दें कि वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में अभी भी बाहुबली 2 (1788.06 करोड़ रुपये) और दंगल (2070.3 करोड़) के नाम पहला और दूसरा रेकॉर्ड दर्ज है। बाहुबली 2 को मात देने के लिए पुष्पा 2 को अभी भी करीब 195 करोड़ के आसपास कलेक्शन जरूरी है।

**लागत से करीब 1000 करोड़ से अधिक की कमाई :** करीब 500 करोड़ के खर्च में बनी ये फिल्म अब तक अपनी लागत से करीब 1000 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन ने 300 करोड़ फीस ली। इस फिल्म के प्रीमियर के दिन हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई भगदड़ एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद मेकर्स की तरफ से परिवार को करीब 2.50 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी गई।

## मनमोहन सिंह के जीवन पर आधारित बॉलीवुड फिल्म, ये डायलॉग जिन्होंने बटोरी सुर्खियां



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था और 26 दिसंबर को रात 9:51 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। क्या आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के राजनीतिक जीवन पर आधारित एक फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी? जी हां! 11 जनवरी 2019 को द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर नाम की फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन विजय रत्नाकर गुट्टे ने किया था। आपको बता दें कि यह फिल्म संजय बारू की किताब पर आधारित थी, जिसे उन्होंने पीएमओ की नौकरी छोड़ने के छह साल बाद लिखा था।

इस अभिनेता ने निभाई थी मुख्य भूमिका :द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में मनमोहन सिंह के 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यकाल को दिखाया गया है। फिल्म में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई है। फिल्म को मयंक तिवारी ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण बोहरा ब्रदर्स ने पेन इंडिया लिमिटेड के बैनर तले जयंतीलाल गड्डा के सहयोग से रुद्र प्रोडक्शन के तहत किया है। वे 2004 से 2014 तक यूपीए गठबंधन के तहत भारत के 13वें प्रधानमंत्री रहे। द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर को लेकर काफी चर्चा रही और रिलीज से पहले ही फिल्म विवादों में आ गई। उस समय विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने इसकी रिलीज पर आपत्ति जताई थी। कहा गया कि इस फिल्म के जरिए उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कहा गया कि चुनावी मौसम के बीच आ रही यह फिल्म लोगों के फैसलों को प्रभावित कर सकती है। तमाम विवादों के बावजूद फिल्म रिलीज हुई और इसके कई डायलॉग काफी चर्चा में रहे। हम आपके लिए ऐसे ही सात डायलॉग लेकर आए हैं, जिन्होंने लोगों का ध्यान खींचा।

### द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर के लोकप्रिय डायलॉग

- मुझे तो डॉक्टर साहब भीष्म लगते हैं। उनमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन वे फैमिली ड्रामा का शिकार हो गए। महाभारत में दो परिवार थे। भारत में सिर्फ एक ही है।
- 100 करोड़ की आबादी वाले देश को कुछ चुनिंदा लोग चलाते हैं। वे देश की कहानी लिखते हैं।
- परमाणु सौदे की लड़ाई हमारे लिए पानीपत की लड़ाई से भी बड़ी थी।
- पूरे दिल्ली दरबार में एक ही खबर थी, डॉक्टर साहब को कुर्सी से कब हटाया जाएगा और पार्टी राहुल जी का अभिषेक कब करेगी।
- मुझे कोई श्रेय नहीं चाहिए। मुझे अपने काम से मतलब है। क्योंकि मेरे लिए देश सबसे पहले है।
- मैं इस्तीफ़ा देना चाहता हूँ। एक के बाद एक भ्रष्टाचार के घोटाले। ऐसे माहौल में राहुल कैसे कमान संभाल सकते हैं?

मूर्ख व्यक्ति ज्ञानियों से भी कुछ नहीं सीख पाता, और ज्ञानी व्यक्ति मूर्खों से भी बहुत कुछ सीख लेता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, बेटी ने दी मुखाग्नि





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया। यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी। निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को सुबह 9:30 बजे उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था। इसके बाद अंतिम यात्रा शुरू हुई। राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में बैठे थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को उन्हें एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया।

## अद्वितीय योगदान क लिए मिलना चाहिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार

कांग्रेस सांसद प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि पूरा देश एक ऐसे होनहार प्रधानमंत्री के निधन पर शोक मना रहा है। उन्होंने वित्तीय और आर्थिक मामलों में बहुत योगदान दिया। उन्होंने दस साल तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, और उनका अंतिम संस्कार एक महत्वपूर्ण स्थल पर होना चाहिए। सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हम इसके लिए वकालत करना जारी रखेंगे। मनमोहन को देश के लिए उनके अद्वितीय योगदान का हवाला देते हुए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।



प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक पोस्ट में लिखा पूर्व भारत के लिए उनकी सेवा को सदैव याद रखा जाएगा।

**मनमोहन सिंह ने वित्तीय संकट को असाधारण कौशल के साथ संभाला**–कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने समुदायों, विशेष रूप से पंजाबियों और सिखों के बीच डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान पर प्रकाश डाला। रंधावा ने कहा है कि वे एक उल्लेखनीय नेता थे जिन्होंने वित्तीय संकट को असाधारण कौशल के साथ संभाला। भाजपा सरकार ने उन्हें स्मारक और उपयुक्त दाह संस्कार स्थल देने से इनकार करके न्याय नहीं किया है।

**दो बार प्रधानमंत्री के रूप में किया काम**–आपको बता दें कि भारत के 14वें प्रधानमंत्री और विश्व स्तर पर सम्मानित अर्थशास्त्री डॉ. सिंह का गुरुवार रात 92 वर्ष की आयु में नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। भारत के आर्थिक सुधारों के वास्तुकार के रूप में जाने जाने वाले डॉ. सिंह ने 2004 से 2014 तक लगातार दो बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का नेतृत्व किया।



## निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार मनमोहन सिंह का अपमान : राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए राजघाट परिसर में जगह नहीं देने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया गया है। उन्होंने कहा एक दशक के लिए वह भारत के प्रधानमंत्री रहे, उनके दौर में देश आर्थिक महाशक्ति बना और उनकी नीतियां आज भी देश के गरीब और पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे लिखा आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था।

## यह पहले सिख पीएम का अपमान : कांग्रेस

गृह मंत्रालय के जवाब के बाद कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा– सरकार स्मारक बनाने के लिए जमीन तक नहीं तलाश पाई। ये देश के पहले सिख पीएम का अपमान है। प्रियंका गांधी ने डॉ. सिंह का स्मारक शक्ति स्थल (इंदिरा गांधी का स्मारक) या वीरभूमि (राजीव गांधी का स्मारक) के पास बनाने का सुझाव दिया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस ने डॉ. सिंह को कभी सम्मान नहीं दिया। आज उनके निधन के बाद भी राजनीति कर रही है। 27 दिसंबर को खड़गे ने स्मारक के लिए जमीन मांगी थी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार की शाम को पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था। कहा था कि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार जहां हो वहीं स्मारक बनाया जाए। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक डॉ. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी यही चाहती थीं।

# अजरबैजान प्लेन क्रैश पर पुतिन की माफी, जिम्मेदारी नहीं ली

## रूसी अधिकारी बोले- यूक्रेन पर जवाबी कार्रवाई के वक्त हमारे एयरस्पेस में था प्लेन

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शनिवार को अजरबैजान के प्लेन क्रैश पर माफी मांगी है। पुतिन ने अजरबैजान के राष्ट्रपति से कहा कि हादसा उनके एयरस्पेस में हुआ इसके लिए उन्हें दुख है।

क्रेमलिन (रूसी राष्ट्पति ऑफिस) ने कहा– अजरबैजान का प्लेन तय समय पर ग्रोज्नी पहुंचा था। उसने बार-बार एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश की। उसी समय, ग्रोज्नी, मोज़दोक और व्लादिकाव्काज़ के एयर स्पेस में यूक्रेनी ड्रोन हमले कर रहे थे। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक रहा था। इसलिए यह कहना बंद किया जाए कि प्लेन को रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने निशाना बनाया। क्रेमलिन ने बताया कि इसके बाद विमान कजाकिस्तान की ओर मुड़ गया और अक्ताउ शहर के नजदीक में 25 दिसंबर की दोपहर 12.30 बजे क्रैश हो गया। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हो गई और 29 लोगों की जान बच गई। प्लेन अजरबैजान की राजधानी बाकू से ग्रोज्नी पहुंचा था। हालांकि, क्रेमलिन ने यह नहीं कहा कि उन्हीं के एयर डिफेंस सिस्टम की



### रूस पर विमान का जीपीएस जाम करने का आरोप

प्लेन की ट्रैकिंग से जुड़ी जानकारी देने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने विमान को लेकर एक अलग दावा किया। वेबसाइट ने हादसे से पहले उसका त्नक्क्र जाम हो गया था। फ्लाइटरडार ने प्लेन से जुड़ा एक ग्राफ भी शेयर किया है। प्लेन के त्नक्क्र जाम होने को भी रूस से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, रूस पर पहले भी त्नक्क्र ट्रांसमिशन फेल करने के आरोप लग चुके हैं।

फायरिंग से प्लेन क्रैश हुआ है। न्यूज एजेंसी क्क के मुताबिक प्लेन क्रैश में बचे कुछ लोगों ने भी कहा था कि जब विमान ग्रोज्नी में था, तब उन्हें तेज आवाजें सुनाई दी थीं।

एविएशन एक्सपर्ट ने रूसी एयर डिफेंस सिस्टम पर शक जताया था एक अमेरिकी अधिकारी और एक अज़रबैजान के मंत्री ने 27 दिसंबर को अलग-अलग बयान देकर दुर्घटना की वजह 'बाहरी दखल' बताया था। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी के शुक्रवार को एविएशन एक्सपर्ट के उस आकलन को दोहराया कि यूक्रेनी हमलों को जवाब देने वाले रूसी डिफेंस सिस्टम इस दुर्घटना की वजह है। खास बात यह है कि ना ही किर्बी ने और ना ही अजरबैजाम के मंत्री ने अपने बयानों में सीधे तौर रूसी एयर डिफेंस को दोषी नहीं ठहराया था। एविएशन एक्सपर्ट ने सोशल मीडिया पर वायरल कई वीडियो में प्लेन पर छर्रे लगने के निशान देखे गए थे। अजरबैजान एयरलाइंस ने भी शुक्रवार को कहा था कि प्लेन के अंदर कोई खराबी नहीं थी, बल्कि किसी 'बाहरी' वजह से यह हादसा हुआ। रूस पर क्यों लगा था विमान को क्रैश कराने का इल्जाम? रूसी सैन्य ब्लॉगर यूरी पोडोल्याका ने न्यूज एजेंसी स्नक्क से कहा कि विमान के मलबे में देखे गए छेद एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम से हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान से पता चलता है कि प्लेन गलती से किसी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम से टकराया होगा। डिफेंस एक्सपर्ट जेम्स जे मार्लो ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें जानकारी मिली है कि जब ये हादसा हुआ तब रूसी डिफेंस सिस्टम ग्रोजनी में यूक्रेनी ड्रोन को इंटरसेप्ट कर रहे थे।

# मणिपुर- लगातार 5वें दिन गोलीबारी में महिला और पत्रकार घायल

## सीएम बोले- कुकी उग्रवादियों ने शांति-सद्भाव पर हमला किया; पुलिसकर्मी घायल हुआ था

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट में लगातार 5वें दिन कुकी और मैतेई ग्रुप के बीच फायरिंग हो रही है। थामनपोकपी और सानासबी में शुक्रवार देर रात को गोलबारी में एक महिला घायल हो गई। वहीं, शनिवार सुबह गोलीबारी में एक लोकल न्यूज चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट घायल हुए। शक्रवार को भी सनसाबी इलाके में उग्रवादियों से मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी और एक गांव वाला घायल हुए था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यहां मोर्टार भी दागे गए थे।

उधर, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा– इम्फाल ईस्ट के सनसाबी और थमनापोकपी में कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी की कड़ी निंदा करता हूं। निर्दोषों पर यह कायरतापूर्ण हमला मणिपुर की शांति और सद्भाव पर हमला है। सीएम ने कहा था– कुकी-मैतेई आपसी समझ बनाएं मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह ने 25 दिंसबर को कहा था– मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है।

# अमृतसर में 2 आतंकी गिरफ्तार

## थाने पर फेंके थे बम, विदेश से टारगेट मिला था, हैंड ग्रेनेड-पिस्टल, हेरोइन मिली

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर।** स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल अमृतसर ने पुलिस स्टेशन इस्लामाबाद पर हैंड ग्रेनेड फेंकने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी से नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। यह मॉड्यूल विदेश में बैठे ऑपरेटर चला रहे थे। आरोपियों ने 17 दिसंबर 2024 को ग्रेनेड हमला किया था। डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों गुरजीत सिंह (निवासी डांडे, अमृतसर ग्रामीण) और बलजीत सिंह (निवासी छप्पा, तरनतारन) को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने



बताया कि एसएसओसी अमृतसर को गुप्त सूचना मिली थी कि अमेरिका आधारित नशा तस्कर संदीप सिंह उर्फ़ सीपू एक तस्करी नेटवर्क चला रहा है और अपने साथियों के माध्यम से पाकिस्तान से भारत में नशीले पदार्थ और हथियारों की खेप प्राप्त कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए, एसएसओसी अमृतसर की टीमों ने उसके साथी गुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 1.4 किलो हेरोइन बरामद की।

## नड्डा का राहुल गांधी का वार : कांग्रेस को अपना इतिहास याद रखना जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि पूर्व वित्त मंत्री सर्वोच्च सम्मान और स्मारक के पात्र हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को जीते जी कभी सम्मान न देने वाली कांग्रेस अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने सोनिया गांधी को पीएम मनमोहन सिंह से ऊपर सुपर पीएम बनाकर पीएम पद की गरिमा को तार-तार कर दिया था। राहुल गांधी ने अध्यादेश फाड़कर पीएम मनमोहन सिंह का अपमान किया। और आज वही राहुल गांधी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने देश के किसी भी बड़े नेता को न तो सम्मान दिया और न ही उनके साथ न्याय किया।



भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि चाहे वो कांग्रेस पार्टी के हों या विपक्ष के, चाहे वो बाबा साहब अंबेडकर हों, देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू हों, सरदार पटेल हों, लाल बहादुर शास्त्री हों, पीवी नरसिम्हा राव हों, प्रणब दा हों, अटल बिहारी वाजपेयी हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पीएम मनमोहन सिंह की समाधि के लिए जगह दे दी है और परिवार को भी सूचित कर दिया है। फिर भी कांग्रेस झूठी खबरें फैला रही है। कांग्रेस का इतिहास याद रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद दिल्ली के राजघाट परिसर में समाधि स्थल बनाने की मांग उठी थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com